# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, शनिवार
12 अप्रैल 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 43 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


भाजपा और एआईएडीएमके के बीच गठबंधन की घोषणा, शाह बोले-

## मोदी-जयललिता साथ काम कर चुके हैं

चेन्नई । तमिलनाडु में भाजपा और एआईएडीएमके के बीच आगामी विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन हुआ है। इसकी घोषणा केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने एआईएडीएमके नेता ईके पलानीस्वामी के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की है। अमित शाह ने ये भी कहा– एनडीए पलानीस्वामी के नेतृत्व में राज्य में चुनाव लड़ेगा।



तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा और एआईएडीएमके के बीच गठबंधन हो गया है। इसका एलान चेन्नई दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया है। चेन्नई में एआईएडीएमके नेता ई. के. पलानीस्वामी के साथ प्रेसवार्ता में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'आज एआईएडीएमके और भाजपा के नेताओं ने मिलकर तय किया है कि आने वाला तमिलनाडु विधानसभा चुनाव एआईएडीएके, भाजपा और सभी साथी दल मिलकर एनडीए के रूप में एक साथ लड़ेंगे।'

इस दौरान अमित शाह ने कहा– एनईईटी और परिसीमन का मुद्दा ये (विपक्ष) लोग ध्यान भटकाने के लिए खड़ा कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा– अन्नाद्रमुक की कोई शर्त और मांग नहीं है... अन्नाद्रमुक के आंतरिक मामलों में हमारा कोई हस्तक्षेप नहीं होगा... यह गठबंधन एनडीए और अन्नाद्रमुक दोनों के लिए फायदेमंद होने वाला है।

चेन्नई, तमिलनाडुः तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए एनडीए गठबंधन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, "NEET और परिसीमन का मुद्दा ये(विपक्ष) लोग ध्यान भटकाने के लिए खड़ा कर रहे हैं

शेष पेज 2 पर

### हर मामले की जांच सीबीआई को सौंपना सही नहीं', अदालत ने खारिज किया हाईकोर्ट का आदेश

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के सीबीआई जांच के आदेश को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हर मामले में सीबीआई जांच के आदेश देना सही नहीं है। सीबीआई जांच के आदेश केवल उन मामलों में दिए जाने चाहिए, जिनमें जरूरी हो। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें एक मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हर मामले में ऐसे आदेश देना सही नहीं है। अदालत का यह फैसला हाईकोर्ट के मई 2024 के आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर आया है। जस्टिस सुधांशु धूनिया और के विनोद चंद्रन की पीठ ने स्पष्ट करते हुए कहा कि उच्च न्यायालयों को केवल उन मामलों में सीबीआई जांच के आदेश देना चाहिए, जिनमें प्रथम दृष्टया जरूरी लगे।

शेष पेज 2 पर

## बस से उतरवा दिए गए भगवा झंडे, भड़की बीजेपी, पूछा- क्या ढाका, सीरिया या अफगानिस्तान बन गया है कोलकाता?



कोलकाता । पार्टी ने बनर्जी पर तुष्टिकरण की राजनीति करने और राज्य में हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती दुश्मनी पर आंखें मूंद लेने का आरोप लगाया है और पूछा है कि क्या कोलकाता नया ढाका बन गया है।

कोलकाता में लोगों के एक समूह द्वारा बस से भगवा झंडा जबरन उतारे जाने का कथित तौर पर एक वीडियो सामने आने के बाद भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला किया है। पार्टी ने बनर्जी पर तुष्टिकरण की राजनीति करने और राज्य में हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती दुश्मनी पर आंखें मूंद लेने का आरोप लगाया है और पूछा है कि क्या कोलकाता नया ढाका बन गया है। वीडियो शेयर करते हुए बीजेपी सांसद सुकांत मजूमदार ने राज्य प्रशासन और पुलिस पर निशाना साधा और उन पर मूकदर्शक बने रहने का आरोप लगाया।

मजूमदार ने एक्स पर लिखा, "एक खास 'शांतिप्रिय' समुदाय की उन्मादी भीड़ ने एक डरे हुए हिंदू बस ड्राइवर को घेर लिया और उसे अपने वाहन से भगवा झंडा उतारने के लिए मजबूर किया। उसके चेहरे को देखो। वह डरा हुआ है, सहमा हुआ है, अपमानित है।" उन्होंने कहा, "यह ममता बनर्जी के पश्चिम बंगाल में 'धर्मनिरपेक्षता' की झलक है – एक ऐसा राज्य जो अब भय, तुष्टिकरण और दोहरे मानदंडों से सड़ा हुआ है।" पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने भी इस घटना की निंदा की और इसे हिंदू आस्था पर सीधा हमला बताया।

शेष पेज 2 पर

## कन्हैया कुमार पटना पुलिस की गिरफ्त में, मुख्यमंत्री को घेरने आए कई कांग्रेसी हिरासत में लिए गए



पटना। कन्हैया कुमार आज कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं के साथ पटना में प्रदर्शन करेंगे। सैकड़ों कांग्रेस पैदल मार्च कर सीएम हाउस तक जाएंगे। कन्हैया कुमार ने कहा कि हमलोग सीएम नीतीश कुमार से मिलने की कोशिश करेंगे।

बिहार के सियासी गलियारी में आज काफी गहमागहमी है। राहुल गांधी के पटना से जाने के दो दिन बाद कांग्रेस राजधानी में बड़ा प्रदर्शन शुरू हुआ। कन्हैया कुमार सदाकत आश्रम से 'पलायन रोको नौकरी दो' यात्रा में निकले, लेकिन उनके वहां से निकलते ही पुलिस ने उनको राजापुल के पास ही रोक दिया। कन्हैया कुमार आज सदाकत आश्रम से निकलने के बाद अपनी यात्रा के दौरान सीएम हाउस तक जाने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उनको रोक दिया। यात्रा में शामिल लोगों पर वाटर केनन भी चलाया गया।

शेष पेज 2 पर

तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर CM फडणवीस ने जताई खुशी, कहा-

## मुंबई हमले की जांच करेंगे एनआईए का सहयोग

मुंबई । मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर मैं मुंबईकरों की ओर से प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं। अब एनआईए जांच और कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में निर्णय लेगी। हमें जो भी जानकारी चाहिए, हम एनआईए से लेंगे। हम हमलों की जांच में उनकी पूरी मदद करेंगे।

26/11 मुंबई हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर मैं मुंबईकरों की ओर से पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं। एनआईए मामले की जांच कर रही है। हम जांच में एनआईए की पूरी मदद करेंगे।



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि 26/11 मुंबई हमलों के आरोपी और साजिशकर्ताओं में से एक तहव्वुर राणा को भारत लाया गया है। मैं मुंबईकरों की ओर से प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं कि साजिशकर्ता को भारतीय न्यायिक प्रणाली का सामना करने के लिए भारत लाया गया। कसाब को कानून के अनुसार फांसी दी गई, लेकिन साजिशकर्ता हमारी हिरासत में नहीं था। यह हमारे लिए एक बोझ था।

उन्होंने कहा कि अब साजिशकर्ता एनआईए के पास है। वे मामले की जांच कर रहे हैं। अब एनआईए जांच और कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में निर्णय लेगी। हमें जो भी जानकारी चाहिए, हम एनआईए से लेंगे। अगर उन्हें किसी सहायता की आवश्यकता होगी तो हम मुंबई पुलिस के माध्यम से पूरा सहयोग करेंगे।

मुंबई हमलों को लेकर 2010 में दिग्विजय सिंह की ओर से की गई टिप्पणी पर सीएम फडणवीस ने कहा कि सबसे पहले मैं उन लोगों को जवाब नहीं देता जो बेवकूफों की तरह बोलते हैं। जब कसाब को फांसी दी गई और उसके बाद जब डेविड हेडली का बयान हमारी न्यायालय में दर्ज किया गया, तो यह पूरी तरह से स्पष्ट हो गया कि यह पूरी साजिश पाकिस्तान में रची गई थी।

शेष पेज 2 पर

## रेलवे ने निकाली 9 हजार नौकरियां



नई दिल्ली । रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड ने सहायक लोको पायलट पदों पर कुल 9,970 भर्तियां निकली हैं। इसके लिए इच्छुक आवेदक 12 अप्रैल से 11 मई तक अप्लाई कर सकते हैं। इन पदों पर अप्लाई करने के पहले से उम्मीदवारों को 10वीं पास होना जरूरी है।

भारतीय रेलवे में नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक सुनहरा मौका आया है। रेलवे भर्ती बोर्ड ने सहायक लोको पायलट पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इस भर्ती अभियान के तहत देशभर के 21 जोनल रेलवे बोर्ड में कुल 9,970 पदों को भरा जाएगा। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 12 अप्रैल 2025 से शुरू होगी और 11 मई 2025 तक चलेगी। पहले इसके आवेदन 10 अप्रैल 2025 से शुरू होने थे। आवेदक rrbapply.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। एक या दो दिन में इस भर्ती का विस्तृत नोटिफिकेशन जारी किया जा सकता है। शेष पेज 2 पर

फरवरी में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि

## दर छह महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर, आंकड़े जारी किए गए

नई दिल्ली । सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (टङ्गरढक) की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों से पता चला है कि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (क्क्ढ) की आरे से मापा गया भारत का औद्योगिक उत्पादन जनवरी में 5% से फरवरी, 2025 में 2.9% तक गिर गया। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।



भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि फरवरी 2025 में घटकर छह महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गई। इसका मुख्य कारण विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों का खराब प्रदर्शन है। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में इसकी पुष्टि की गई है। सरकार ने जनवरी 2025 के लिए औद्योगिक विकास दर के आंकड़े को भी संशोधित कर 5.2 प्रतिशत कर दिया है, जो मार्च में जारी 5 प्रतिशत के अनंतिम अनुमान से अधिक है।

**कारखाना उत्पादन फरवरी 2024 में 5.6 प्रतिशत बढ़ा–** औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मापा गया कारखाना उत्पादन फरवरी 2024 में 5.6 प्रतिशत बढ़ा।

शेष पेज 2 पर

टैरिफ वार | 145%... चीन झुकेगा नहीं, ट्रंप रुकेंगे नहीं

## दोनों देशों में हुआ घमासान तो भारत को होगा बड़ा नुकसान ?

नई दिल्ली। चीन ने अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त शुल्क को बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया। अमेरिका के चीन से निर्यात पर 145 प्रतिशत शुल्क लगाने के बाद उसने यह कदम उठाया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, चीन ने आयातित अमेरिकी उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 84 प्रतिशत था।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन को किसी तरह से भी दबाने के लिए पूरी तरह जुट चुके हैं। इसके लिए वो लगातार टैरिफ को और कड़ा और बढ़ा रहे हैं।



चीन में इसे लेकर बैठकें हो रही हैं। इकोनॉमिक एडवाइजर अपने स्तर पर चीनी प्रशासन को नसीहत दे रही है। लेकिन इधर ट्रंप की आफत कहर बनकर चीन पर टूटने के लिए अभी भी तैयार है। खबर कल तक 125 % टैरिफ की थी। लेकिन अब खबर ये आ रही है कि अमेरिका ने चीन पर 145 % टैरिफ लगाया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में चीन से इंपोर्ट किए जाने वाले सामान पर टैरिफ बढ़ाकर अब 145 %कर दिया है। इस 145 % वाले टैरिफ में फेंटानिल सप्लाई को लेकर चीन पर लगाया गया अतिरिक्त 20 फीसदी भी शामिल है। कल तक इसका जिक्र सामने नहीं आया था। लेकिन अब चीन पर अतिरिक्त 20 % टैरिफ फेंटानिल को लेकर लगाया जाना है।

शेष पेज 2 पर

# असम में आगामी पंचायत चुनावों में बिश्वनाथ जिले में दाखिल किए अंतिम दिन तक कुल 1,736 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

असम :असम में होने जा रहे आगामी पंचायत चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन 11 अप्रैल तक बिश्वनाथ जिले में कुल 1,736 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। आज अंतिम दिन तक बिश्वनाथ जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में कुल 12 जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 31 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए। इसी तरह जिले में कुल 73 क्षेत्रीय पंचायत पदों के लिए 142 उम्मीदवारों ने और 73 ग्राम पंचायतों के तहत कुल 730 वार्डों के लिए कुल 1563 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिश्वनाथ विधानसभा क्षेत्र



के अंतर्गत कुल चार जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन तक 11 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए ।इसी तरह विश्वनाथ में क्षेत्रीय पंचायत सदस्य पद के लिए 62 और ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए 581 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसी तरह बिहाली समाज (बिहाली विधानसभा क्षेत्र) के तहत कुल चार जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 10 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी तरह बिहाली में क्षेत्रीय पंचायत सदस्य पद के लिए 33 और ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए 348 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। दूसरी ओर, गहपुर सम जिला (गाहपुर विधानसभा क्षेत्र) के तहत कुल चार जिला परिषद क्षेत्रों के लिए 10 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसी तरह गहपुर में क्षेत्रीय पंचायत सदस्य पद के लिए 47 और ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए 634 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। उल्लेखनीय है कि कल यानी 12 अप्रैल को इन नामांकन पत्रों की जांच होगी और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल निर्धारित की गई है।

# दिल्ली-NCR में धूल भरी आंधी के बाद हुई बारिश: 15 से अधिक उड़ानें डायवर्ट, ओलावृष्टि की आशंका, ऑरेंज अलर्ट जारी

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में मौसम अचानक बदल गया। धूल भरी आंधी और तेज हवाएं चलीं। इसके बाद बारिश शुरू हो गई।मौसम विभाग ने चेतावनी दी कि 40-80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार शाम को अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला। धूल भरी आंधी और तेज हवाएं शहर में चलीं। इसके बाद बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने आने वाले घंटों में प्रतिकूल मौसम की स्थिति की चेतावनी दी और दिल्ली-एनसीआर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, धूल भरी आंधी के बाद गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश, बिजली चमकने और 40-80 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

**बागवानी और खड़ी फसलों को नुकसान**

मौसम विभाग ने चेतावनी दी कि तेज हवाएं और ओले बागानों, बागवानी और खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। खुले इलाकों में लोगों और मवेशियों के घायल होने, कमजोर संरचनाओं को आंशिक नुकसान, कच्चे घरों और झोपड़ियों को मामूली नुकसान और ढीली वस्तुओं के उड़ जाने की संभावना भी है।

**रखें ये सावधानी**

ऑरेंज अलर्ट से संकेत मिलता है कि निवासियों को तैयार रहना चाहिए और आईएमडी की सलाह के अनुसार काम करनी चाहिए। आईएमडी ने लोगों को घर के अंदर रहने, खिड़कियों और दरवाजों को सुरक्षित रखने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। पेड़ों के नीचे नहीं, बल्कि सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने और कंक्रीट की सतहों के संपर्क से बचने की भी सिफारिश की है। लोगों से बिजली के उपकरणों को बंद करने, जल निकायों से तुरंत बाहर निकलने और बिजली का संचालन करने वाली वस्तुओं से दूर रहने का आग्रह किया गया है।

**15 से अधिक उड़ानों को डायवर्ट किया गया**

जानकारी के अनुसार, इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआईए) पर 15 से अधिक उड़ानों को डायवर्ट किया गया। एयरपोर्ट ऑपरेटर डायल ने शाम 7.15 बजे एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'दिल्ली में खराब मौसम के कारण, दिल्ली एयरपोर्ट पर कुछ उड़ानें प्रभावित हुई हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे उड़ान संबंधी नवीनतम अपडेट के लिए अपनी संबंधित एयरलाइनों से संपर्क करें।'

**हवाई यातायात जाम हो रहा**

इंडिगो ने कहा कि दिल्ली और जयपुर में धूल भरी आंधी चल रही है, जिससे उड़ान और लैंडिंग प्रभावित हो रही है और संभावित रूप से हवाई यातायात जाम हो रहा है। ऑपरेटर ने पोस्ट में कहा कि इससे देरी या डायवर्जन हो सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली और आसपास के एनसीआर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें आने वाले घंटों में खराब मौसम की स्थिति की चेतावनी दी गई है।

**तेज हवा के बीच बारिश ने धोया प्रदूषण**

राजधानी में बृहस्पतिवार को तेज हवा के बीच हल्की बूंदाबांदी ने प्रदूषण को धो दिया है। इससे लोगों को प्रदूषित हवा से राहत मिली है। शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 164 दर्ज किया गया। यह हवा की मध्यम श्रेणी है। इसमें बृहस्पतिवार की तुलना में 92 अंकों की गिरावट दर्ज की गई है।

**रविवार तक हवा मध्यम श्रेणी में रहने का अनुमान**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि रविवार तक हवा मध्यम श्रेणी में रहने का अनुमान है। वहीं, शुक्रवार को हवा दक्षिण-पूर्व दिशा से 16 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चली। शनिवार को हवा दक्षिण-पूर्व दिशा से 10 से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल सकती है। वहीं, रविवार को हवा दक्षिण-पूर्व दिशा से 8 से 10 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चलने का अनुमान है।

**ग्रेटर नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही**

इसके अलावा सोमवार को हवा दक्षिण-पूर्व दिशा से छह से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल सकती है। ऐसे में सोमवार को हवा फिर से खराब श्रेणी में पहुंच सकती है। सीपीसीबी के अनुसार, एनसीआर में दिल्ली के बाद ग्रेटर नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 148 दर्ज किया गया, जोकि हवा की मध्यम श्रेणी है। वहीं, नोएडा में एक्यूआई सबसे कम दर्ज हुआ।

# पेज एक का शेष...

## मोदी-जयललिता साथ काम कर चुके हैं

चेन्नई, तमिलनाडुः तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए ठळ्अ गठबंधन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, "अक्अउ्टङ की कोई शर्त और मांग नहीं है... अक्अउ्टङ के आंतरिक मामलों में हमारा कोई हस्तक्षेप नहीं होगा... यह गठबंधन ठळ्अ और अक्अउ्टङ दोनों के लिए फायदेमंद होने वाला है..."
स्रू.३६३३ी१ु्झे/7श्४3४85

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए गठबंधन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'ये चुनाव राष्ट्रीय स्तर पर पीएम मोदी के नेतृत्व में और राज्य स्तर पर एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़े जाएंगे'।

इस दौरान अमित शाह ने कहा, 'हम जनता के असली मुद्दों को लेकर जनता के बीच में जाएंगे और मैं मानता हूं कि तमिलनाडु की जनता असली मुद्दों को जानती है और डीएमके से जवाब भी चाहती है।'

#हअळउ्ल चेन्नई, तमिलनाडुः केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, "हम जनता के असली मुद्दों को लेकर जनता के बीच में जाएंगे और मैं मानता हूं कि तमिलनाडु की जनता असली मुद्दों को जानती है और उ्टङ से जवाब भी चाहती है

## दर छह महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर, आंकड़े जारी किए गए

इससे पहले सबसे कम वृद्धि दर पिछले वर्ष अगस्त में दर्ज की गई थी, जब वृद्धि दर शून्य प्रतिशत पर स्थिर रही थी।

एनएसओ ने जारी किए आंकड़े- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों से पता चलता है कि विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि फरवरी 2025 में धीमी होकर 2.9 प्रतिशत रह गई। एक साल पहले इसी महीने में यह 4.9 प्रतिशत थी। खनन उत्पादन की वृद्धि दर एक वर्ष पूर्व के 8.1 प्रतिशत से घटकर 1.6 प्रतिशत रह गई।

बिजली उत्पादन की वृद्धि दर भी फरवरी 2025 में घटकर 3.6% रह गई- बिजली उत्पादन की वृद्धि दर भी फरवरी 2025 में घटकर 3.6 प्रतिशत रह गई, जो एक वर्ष पूर्व इसी माह में 7.6 प्रतिशत थी। अप्रैल-फरवरी की अवधि में आईआईपी में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो कि एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में दर्ज 6 प्रतिशत से कम है।

## कन्हैया कुमार पटना पुलिस की गिरफ्त में, मुख्यमंत्री को घेरने आए कई कांग्रेसी हिरासत में लिए गए

इस दौरान अन्य कार्यकताओं के साथ-साथ कन्हैया कुमार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

अब सत्याग्रह और संघर्ष का रूप ले रही यह यात्रा

इधर, प्रदर्शन से पहले कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार की जनता बेराजगारी और गरीबी से त्रस्त है। मजबूरी में उन्हें पलायन करना पड़ रहा है। कांग्रेस ने 16 मार्च को पश्चिम चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से पदायात्रा की शुरूआत की थी। यह यात्रा बिहार के नौजवानों और बेरोजगारों के लिए निकाली गई थी। इसमें लाखों लोग जुड़ गए। यह यात्रा अब सत्याग्रह और संघर्ष का रूप ले रही है। लोगों में आक्रोश है। उनके अंदर मौजूदा सरकार के खिलाफ निराशा है।

सीएम हाउस तक मार्च करेंगे कन्हैया कुमार- दरअसल, कन्हैया कुमार पटना में प्रदर्शन के जरिए आज अपनी 'पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा' का समापन करने जा रहे हैं। कांग्रेस का दावा है कि आज के प्रदर्शन में पांच हजार से ज्यादा नेता और कार्यकताओं शामिल होंगे। सभी कांग्रेसी सीएम हाउस तक मार्च करेंगे। कन्हैया ने कहा कि हमलोग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर उन्हें मांग पत्र सौंपने की कोशिश करेंगे। इधर, कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए पटना पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है। पटना एसएसपी ने अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी है। कन्हैया कुमार पटना पुलिस की गिरफ्त में, मुख्यमंत्री को घेरने आए कई कांग्रेसी हिरासत में लिए गए

कन्हैया कुमार आज कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं के साथ पटना में प्रदर्शन करेंगे। सैकड़ों कांग्रेस पैदल मार्च कर सीएम हाउस तक जाएंगे। कन्हैया कुमार ने कहा कि हमलोग सीएम नीतीश कुमार से मिलने की कोशिश करेंगे।

बिहार के सियासी गलियारी में आज काफी गहमागहमी है। राहुल गांधी के पटना से जाने के दो दिन बाद कांग्रेस राजधानी में बड़ा प्रदर्शन शुरू हुआ। कन्हैया कुमार सदाकत आश्रम से 'पलायन रोको नौकरी दो' यात्रा में निकले, लेकिन उनके वहां से निकलते ही पुलिस ने उनको राजापुल के पास ही रोक दिया। कन्हैया कुमार आज सदाकत आश्रम से निकलने के बाद अपनी यात्रा के दौरान सीएम हाउस तक जाने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उनको रोक दिया। यात्रा में शामिल लोगों पर वाटर केनन भी चलाया गया। इस दौरान अन्य कार्यकताओं के साथ-साथ कन्हैया कुमार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

इधर, प्रदर्शन से पहले कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार की जनता बेराजगारी और गरीबी से त्रस्त है। मजबूरी में उन्हें पलायन करना पड़ रहा है। कांग्रेस ने 16 मार्च को पश्चिम चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से पदायात्रा की शुरूआत की थी। यह यात्रा बिहार के नौजवानों और बेरोजगारों के लिए निकाली गई थी। इसमें लाखों लोग जुड़ गए। यह यात्रा अब सत्याग्रह और संघर्ष का रूप ले रही है। लोगों में आक्रोश है। उनके अंदर मौजूदा सरकार के खिलाफ निराशा है।

सिीएम हाउस तक मार्च करेंगे कन्हैया कुमार-दरअसल, कन्हैया कुमार पटना में प्रदर्शन के जरिए आज अपनी 'पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा' का समापन करने जा रहे हैं। कांग्रेस का दावा है कि आज के प्रदर्शन में पांच हजार से ज्यादा नेता और कार्यकताओं शामिल होंगे। सभी कांग्रेसी सीएम हाउस तक मार्च करेंगे। कन्हैया ने कहा कि हमलोग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर उन्हें मांग पत्र सौंपने की कोशिश करेंगे। इधर, कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए पटना पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है। पटना एसएसपी ने अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी है।

## बस से उतरवा दिए गए भगवा झंडे, भड़की बीजेपी, पूछा- क्या ढाका, सीरिया या अफगानिस्तान बन गया है कोलकाता?

उन्होंने लिखा, स्वामी विवेकानंद की जन्मस्थली कोलकाता से चौंकाने वाले दृश्य! साहस, बलिदान और वीरता के प्रतीक भगवा ध्वज को कट्टरपंथियों की भीड़ ने बस से जबरन उतार दिया।ममता बनर्जी की निगरानी में इस तरह की हरकतें बेकाबू हो रही हैं और पुलिस चुपचाप खड़ी है। भाजपा नेता दिलीप घोष ने हिंदुओं के खिलाफ भेदभाव का आरोप लगाया। उन्होंने पूछा, यहां आपको हमास, फिलिस्तीन, सीरिया, पाकिस्तान और यहां तक ??कि आईएसआई के झंडे भी लहराते हुए मिलेंगे, लेकिन रामनवमी के झंडे कारों से उतारे जा रहे हैं। क्या कोलकाता ढाका, सीरिया या अफगानिस्तान बन गया है?

राज्य भाजपा इकाई द्वारा वीडियो के साथ साझा किए गए एक बयान में पार्टी ने कहा, भगवा सिर्फ एक रंग नहीं है-यह भारत की आत्मा है। लेकिन ममता बनर्जी के पश्चिम बंगाल में, उस पर भी हमला हो रहा है। ममता, आपके शासन में हिंदू होना कब अपराध हो गया?" भाजपा सांसद खड़गेन मुर्मू ने आरोप लगाया कि बनर्जी "हिंदुओं को मुसलमानों के खिलाफ भड़काकर और उन्हें सड़कों पर लाकर पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश में बदलने की कोशिश कर रही हैं।

## दोनों देशों में हुआ घमासान तो भारत को होगा बड़ा नुकसान?

चीन ने अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त शुल्क को बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया। अमेरिका के चीन से निर्यात पर 145 प्रतिशत शुल्क लगाने के बाद उसने यह कदम उठाया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, चीन ने आयातित अमेरिकी उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 84 प्रतिशत था। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी शुल्क बढ़ोतरी के बाद चीन ने विश्व व्यापार संगठन में मुकदमा भी दायर किया है। नवीनतम अमेरिकी अधिसूचना के अनुसार, चीन पर कुल 145 प्रतिशत शुल्क लगा है। चीन ने पहले 84 प्रतिशत शुल्क लगाकर जवाबी कार्रवाई की थी और कुछ अमेरिकी कंपनियों के आयात पर प्रतिबंध लगाए दिया था। साथ ही इस मुद्दे को सुलझाने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत करने में रुचि भी व्यक्त की थी। चीन एकमात्र ऐसा देश है जिसने अमेरिका के शुल्क के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की है।

जानकारों का कहना है कि अगर अमेरिका और चीन की इकॉनमी मंदी में फंसी तो इसका भारत पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। चीन भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है जबकि अमेरिका दूसरे नंबर पर है। अगर अमेरिका और चीन में बड़ी मंदी आती है, तो पूरी दुनिया पर इसका असर होगा। वहीं दूसरी तरफ चीन भले ही नकारात्मक जीडीपी विकास की रिपोर्ट न करे लेकिन टैरिफ से वह एक बड़ी मंदी का अनुभव करेगा। भारत पर भी इसका बहुत बुरा असर पड़ेगा। भारत को कपड़ा या निम्न-स्तरीय विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में कुछ फायदा मिल सकता है लेकिन यह वैश्विक मंदी के व्यापक प्रभाव को ऑफसेट करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा।

## मुंबई हमले की जांच करेंगे एनआईए का सहयोग

इसलिए जो लोग अन्य साजिश सिद्धांतों का प्रचार करते हैं, मैं उन्हें जवाब नहीं देना चाहता। अब मुख्य साजिशकर्ता हमारी हिरासत में है और अब और भी चीजें सामने आएंगी।

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में सार्वजनिक परिवहन के लिए एकल कार्ड मुंबई 1 जल्द ही शुरू किया जाएगा। एकल कार्ड का उपयोग मेट्रो, मोनो रेल, उपनगरीय लोकल ट्रेनों और सार्वजनिक परिवहन बसों में यात्रा के लिए किया जा सकता है। कार्ड एक महीने में तैयार हो जाएगा। वहीं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुंबई के लोकल नेटवर्क के लिए 238 नई एसी ट्रेनों को मंजूरी दी जाएगी। महाराष्ट्र में 1,73,804 करोड़ रुपये के रेलवे कार्य चल रहे हैं और इस वर्ष 23,778 करोड़ रुपये के नए कार्यों को मंजूरी दी गई है।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि पूर्वी महाराष्ट्र में गोंदिया-बल्लारशाह रेलवे लाइन को मंजूरी दे दी गई है और इससे विदर्भ तथा पड़ोसी छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के बीच संपर्क बढ़ेगा। इस परियोजना में केंद्र सरकार की हिस्सेदारी 4,019 करोड़ रुपये होगी। फडणवीस ने घोषणा की कि छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट ट्रेन लाइन शुरू की जाएगी जो पर्यटकों को उन क्षेत्रों से होकर ले जाएगी जहां मराठा राज्य के संस्थापक के काल के किले स्थित हैं।

## रेलवे ने निकाली 9 हजार नौकरियां

रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड ने सहायक लोको पायलट पदों पर कुल 9,970 भर्तियां निकली हैं। इसके लिए इच्छुक आवेदक 12 अप्रैल से 11 मई तक अप्लाई कर सकते हैं। इन पदों पर अप्लाई करने के पहले से उम्मीदवारों को 10वीं पास होना जरूरी है, साथ ही मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ट्रेड में क्ळक प्रमाणपत्र होना चाहिए या अभ्यर्थी के पास मान्यता प्राप्त संस्थान से इंजीनियरिंग डिप्लोमा या डिग्री होनी चाहिए।उम्मीदवारों का 01/07/2024 तक कम से कम 18 साल और अधिकतम 30 साल का होना चाहिए। हालांकि ओबीसी, एससी/एसटी और अन्य आरक्षित वर्गों को नियमानुसार आयु में छूट दी जाएगी। इन पदों पर अप्लाई करने के लिए जनरल और ओबीसी कैंडिडेट से 500 रुपये की फीस ली जाएगी। जबकि एससी/एसटी/महिलाएं/पूर्व सैनिक/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 250 रुपये फीस है।

इसमें इच्छुक उम्मीदवार आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। जोन के अनुसार आरआरबी वेबसाइट की लिंक अलग होगी, इसलिए उम्मीदवार को अपने जोन की आरआरबी साइट पर जाना होगा। सिलेक्शन के लिए कैंडिडेट को 4 प्रोसेस से होकर गुजरना होगा। इसमें उइळ-1 (प्रारंभिक कंप्यूटर आधारित परीक्षा), उइळ-2 (मुख्य परीक्षा), उइअळ (कंप्यूटर आधारित एप्टीट्यूड टेस्ट), डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और मेडिकल शामिल है।

आवेदन करते समय आवेदक रखें ये ध्यान-नोटिस में आरआरबी ने यह भी कहा है कि, इस भर्ती के लिए 18-30 वर्ष तक के युवा आवेदन कर सकेंगे। उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन भरते समय आधार का इस्तेमाल करके अपने प्राथमिक विवरण वेरिफाई करें ताकि गैर आधार सत्यापित आवेदनों के लिए भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में विशेष विस्तृत जांच के कारण होने वाली असुविधा व अतिरिक्त देरी से बचा जा सके। आधार का उपयोग करके सफल सत्यापन के लिए आधार के नाम व बर्थ डेट को 10वीं कक्षा सर्टिफिकेट में उपलब्ध पूरे नाम और जन्मतिथि के साथ 100 प्रतिशत मिलान करने के लिए अपडेट किया जाना चाहिए। इसी तरह आवेदन भरने से पहले नए फोटो व नए बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिंट व आईरिस) के साथ अपडेट किया जाना चाहिए।

इस तरह से होगी चयन प्रक्रिया व एग्जाम पैटर्न-जानकारी के अनुसार, चयन प्रक्रिया में ये चरण होंगे। पहले चरण सीबीटी (कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट), दूसरे चरण में सीबीटी, और तीसरे में कंप्यूटर बेस्ड एप्टीट्यूड टेस्ट और फिर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होगा।एएलपी पदों पर भर्तियों के लिए दो चरणीय परीक्षा (फर्स्ट स्टेज सीबीटी और सेकेंड स्टेज सीबीटी) कॉमन होगी। फर्स्ट स्टेज सीबीटी में सफल उम्मीदवारों को ही सेकेंड स्टेज सीबीटी के लिए बुलाया जाएगा। सेकेंड स्टेज सीबीटी पास करने के बाद कंप्यूटर बेस्ड एप्टीट्यूड टेस्ट (एटी) देना होगा। फर्स्ट और सेकंड दोनों ही स्टेज में नेगेटिव मार्किंग होगी। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक तिहाई अंक काटा जाएगा। कंप्यूटर बेस्ड एप्टीट्यूड टेस्ट में कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

जानकारी के अनुसार, पहले चरण में कंप्यूटर बेस्ड लिखित परीक्षा 1 घंटे की होगी जिसमें 75 प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा क्वालीफाई करने के लिए अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को 40 प्रतिशत, ओबीसी उम्मीदवारों को 30 प्रतिशत, एससी को 30 प्रतिशत और एसटी उम्मीदवारों को 25 प्रतिशत अंक हासिल करने होंगे। इस टेस्ट में आपको न्यूनतम अंक लाने होंगे नहीं तो आपको यहीं रोक दिया जाएगा, आगे प्रक्रिया में आप शामिल नहीं हो सकते हैं। इसमें आपसे मैथ्स, रीजनिंग, जनरल साइंस, जीके/करंट अफेयर्स से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे।

जानकारी के मुताबिक, पहले चरण की परीक्षा क्वालीफाई करने वाले उम्मीदवार दूसरे स्टेज में बैठ पाएंगे। यह परीक्षा 2 घंटे 30 मिनट की होगी। पेपर दो भागों में बंटा होगा। पार्ट ए और पार्ट बी। पार्ट ए के लिए 90 मिनट का समय मिलेगा और इसमें 100 प्रश्न होंगे। इसे क्वालीफाई करने के लिए भी अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को 40%, ओबीसी उम्मीदवारों को 30%, एससी को 30% और एसटी उम्मीदवारों को 25% अंक हासिल करने होंगे। पार्ट ए में मैथ्स, रीजनिंग, जनरल साइंस, जीके/करंट अफेयर से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे। पार्ट बी लिखने के लिए 1 घंटे का समय होगा। इसमें कुल प्रश्नों की संख्या 75 होगी। पार्ट बी क्वालीफाई करने के लिए सभी श्रेणी के उम्मीदवारों 35% अंक हासिल करने होंगे। पार्ट बी में ट्रेड सिलेबस के प्रश्न आएंगे। तीसरा चरण दूसरा चरण के पार्ट ए में प्रदर्शन और पार्ट बी में क्वालीफाई करने वाले उम्मीदवारों को इसमें बुलाया जाएगा। इसमें चरण में सभी वर्गों के उम्मीदवारों को कम से कम 42 नंबर लाने होंगे, किसी प्रकार की छूट नहीं होगी। आखिरी चरण डॉक्टूमेंट वेरिफिकेशन का होगा।

## हर मामले की जांच सीबीआई को सौंपना सही नहीं', अदालत ने खारिज किया हाईकोर्ट का आदेश

पीठ ने कहा, 'उच्च न्यायालयों को केवल उन मामलों में सीबीआई जांच के लिए निर्देश देना चाहिए, जहां सामग्री प्रथम दृष्टया सीबीआई द्वारा जांच की मांग करती हो। सीबीआई जांच नियमित तरीके से या कुछ अस्पष्ट आरोपों के आधार पर नहीं की जानी चाहिए।' शीर्ष अदालत ने स्पष्ट करते हुए कहा कि अगर-मगर के आधार पर सीबीआई जैसी एजेंसी को जांच करने का आदेश देना सही नहीं है। ये था मामला -फार्मास्युटिकल का व्यवसाय करने वाले एक कारोबारी ने अक्तूबर 2022 में पंचकूला में एक एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने खुफिया ब्यूरो का महानिरीक्षक (आईजी) बता उसे धमकी दी और 1.49 करोड़ रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। कारोबारी ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे और उसके सहयोगियों को अपने साथ काम करने के लिए मजबूर किया और पैसों की जबरन वसूली की। शिकायतकर्ता ने राज्य पुलिस से जांच को सीबीआई को ट्रांसफर करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट का रुख किया। हाईकोर्ट ने कारोबारी की याचिका को स्वीकार कर लिया और मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए। इसके बाद, आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। शिकायतकर्ता के आरोप अस्पष्ट और बेबुनियाद- अपने 2 अप्रैल के फैसले में, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के समक्ष दायर याचिका में 'अस्पष्ट और बेबुनियाद' आरोप लगाए गए थे। पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता ने हाईकोर्ट में बताया कि पुलिस अधिकारी अपीलकर्ता से परिचित थे और वे भी मामले में शामिल हो सकते हैं। पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता के ये दावे बिल्कुल भी पुष्ट नहीं हैं।

# अमरोहा में स्वास्थ्य सेवाओं को मिली बड़ी सौगात 21 नई एंबुलेंस मिली 108 और 102 सेवा के लिए होंगी उपलब्ध

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अमरोहा में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और भाजपा के शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर से 21 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाई

इन एंबुलेंस में से 8 एम्बुलेंस 108 सेवा के लिए हैं 13 एम्बुलेंस 102 सेवा के लिए निर्धारित की गई है जिलाधिकारी ने पूजन के साथ नारियल फोड़कर स्वास्तिक चिन्ह बनाया विधायक के साथ फिता काटकर एंबुलेंस को विभिन्न विकास



खंडों के लिए रवाना किया गया

शिक्षामित्र को आयुष्मान कार्ड से जोड़ा गया

जिलाधिकारी ने इसे जनपद के लिए बड़ी सौगात बताया उन्होंने कहा कि इससे मरीजों को अस्पताल पहुंचने में सुविधा होगी विधायक हरि सिंह ढिल्लों ने जनपद वासियों को बधाई दी उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार हर विभाग की प्रगति के लिए प्रयासरत है

विधायक ने एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा की पहली बार संविदा और शिक्षामित्र को आयुष्मान कार्ड से जोड़ा गया है उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर हैं स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर और स्टाफ उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्यपाल सिंह ब्लॉक प्रमुख अमरोहा गुरेनदर सिंह ढिल्लों और स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सेवा भारती के नए संस्कार केन्द्र का शुभारम्भ

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। सेवा भारती मेरठ महानगर पूर्व,के एक नये शिक्षा एवं संस्कार केन्द्र का उद्घाटन प्रोफेसर राजेंद्र सिंह( रज्जु भैय्या) मैमोरियल शिक्षा एवं संस्कार केन्द्र गणेश पुरी मेरठ पर किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रोफेसर दर्शन लाल अरोड़ा सदस्य क्षेत्रीय कार्यकारिणी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं डा करतार सिंह मर्म-चिकित्सक की गरिमा मयी उपस्थिति रही। शिक्षा केन्द्र के उद्घाटन सम्बोधन में दर्शन लाल जी ने बालकों को



प्रो0 राजेंद्र सिंह (रज्जु भैय्या)के जीवन से प्रेरक प्रसंग सुनाये और समाज और सनातन संस्कृति के प्रति की गई उनकी निस्वार्थ सेवा को स्मरण किया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता। महानगर अध्यक्ष जनार्दन शर्मा ने मेरठ महानगर की अभावग्रस्त सेवा बस्तियों के बालक बालिकाओं को शिक्षित और संस्कारित करने के सेवा भारती के लक्ष्य के बारे में चर्चा की और कहा कि यह शिक्षा केन्द्र अभावग्रस्त परिवारों के बालक, बालिकाओं को शिक्षित और संस्कारित करने के लिए कृतसंकल्प है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में महानगर की सभी अभावग्रस्त सेवा बस्तियों में सेवा केन्द्र खोलने का लक्ष्य है। इस भव्य उद्घाटन समारोह को सफल बनाने में नगर कार्यवाह अमन कुमार और शिक्षिका कुमारी कनिष्का, कुमारी पलक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# हजरत हाफिज साहब मुरादाबादी का तीन रोजा उर्से पर लगी रोक हाई कोर्ट से आया स्टे ऑर्डर

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

मुरादाबाद । कटघर स्टेशन के पास हाफिज साहब रहमतुल्ला अलेह का मजार सरीफ है जिसमे हर साल 10,11,12अप्रेल को तीन रोजा उर्से मुबारक किया जाता था पर इस साल हाईकोर्ट ने स्टे आर्डर जारी कर रोक लगा दी । नहीं लग पायेगा इस साल उर्से पाक ऐसा कोर्ट के आदेश के एहतराम में किया जा रहा है। इस सिलसिले में सज्जादानशीन व मुतवल्ली इंजीनियर नवाब हयात उन नबी खां साहब ने बताया कि कोर्ट कि स्टे ऑर्डर कि बजह से उर्से पाक नहीं लगेगा हम कोर्ट के स्टे ऑर्डर का एहतराम करते है हमने सारा इंतजार कर लिया था हमने मजार शरीफ कि रंगाई पुताई,सजाबट व बहा पर



बटने बाले लंगर के लिए पुरे इंतजाम कर लिए थे पर हम कोर्ट का आदेश मानेंगे हम ने मीटिंग कि जिसमे इस साल तो समय नहीं होने के कारण हमें परमिशन नहीं मिल सकी पर आने बाले अगले साल को हम कोर्ट के आदेश के अनुसार होने बाली तारीख से पहले ही परमिशन लेकर आयंगे ताकि उर्से मुबारक लग सके ओर जितने भी यक़ीदत मंद है जो हर साल यहाँ आते थे बो सभी लोग अपने घर पर ही फाताह लगाए ओर अपने घर पर ही रहें।

# बे-मौसम बारिश से फसलों को भारी नुकसान, अन्नदाता फिर हुआ परेशान

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

मोदीनगर=-मोदीनगर ! बे-मौसम बारिश और ओलावृष्टि ने रबी फसलों की पर कहर बरपाया है। विशेषकर गेहूं और सरसों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में ककर तैयार खड़ी फसलें या तो पानी डूब गई हैं या तेज हवाओं से गिरकर खराब हो गईं। इससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है और उनकी आर्थिक स्थिति पर भी संकट मंडराने लगा है। अप्रैल की शुरूआत में आमतौर पर मौसम शुष्क रहता है और किसान कटाई में व्यस्त होते हैं, लेकिन इस बार 10 अप्रैल की अचानक हुई बारिश ने अन्नदाता को बड़ा झटका दिया। गेहूं की फसल में अब दानों के काले पड़ने और अंकुरित होने की आशंका है, वहीं सरसों की फसल पूरी तरह भीग जाने से तेल की मात्रा और गुणवत्ता दोनों पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

किसान सचिन त्यागी बताया, हम कटाई



के बिल्कुल मुहाने पर थे। बस दो-तीन दिन और लगते, लेकिन अचानक बारिश ने सब चौपट कर दिया। अब न फसल बची और न उम्मीद। इसी तरह, किसान ने कहा, सरसों की फसल अच्छी थी, हम बाजार में बेचने की सोच रहे थे, लेकिन सब बर्बाद हो गया। बच्चे की पढ़ाई और घर का खर्च कैसे चलेगा, कुछ समझ नहीं आ रहा

कृषि विशेषज्ञ ने बताया, गर्मियों की शुरूआत में इस तरह की बारिश जलवायु असंतुलन का संकेत है। पक चुकी फसलों पर बारिश का प्रभाव बहुत घातक होता है। इसके कारण उत्पादन में 30 से 50 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है।

भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी प्रदेश में खराब मौसम तेज आंधी और ओलावृष्टि के कारण अन्नदाता के सरसों व गेहूं की फसलों के नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए किसानों के खेतों की फसलों का सर्वे कराकर किसानों के उचित मुआवजे की मांग की है तेज आंधी से आम के बागों में भी बड़ा नुकसान हुआ है कितने ही तेज आंधी के कारण आम के पेड़ गिर चुके हैं आकाशीय बिजली गिरने से भी किसानों को बड़ा नुकसान हुआ है अगर जल्द से जल्द शासन प्रशासन ने अन्नदाता किसानों का खेतों में जल्द से जल्द सर्वे कराकर उनको मुआवजा नहीं दिया तो भारतीय किसान यूनियन किसान सभा प्रदेश के हर जिलों में धरना प्रदर्शन करेगी

# बंथरा में बारिश ने खोली प्रशासन की पोल:सड़कें जलमग्न, घरों में घुसा पानी; निर्माण कार्य से बिगड़े हालात

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

बंथरा में पहली बारिश ने ही स्थानीय प्रशासन और निर्माण एजेंसियों की तैयारियों की कमियां उजागर कर दी हैं। दीक्षित बुक डिपो के सामने सड़क पर पानी भर गया है। राहगीरों को घुटनों तक पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है यह मार्ग दो महत्वपूर्ण गांवों को जोड़ता है। बारिश के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड के निर्माण कार्य ने स्थिति और खराब कर दी है। कंपनी ने कई स्थानों पर नाले तोड़ दिए हैं। इसके कारण बरसात का पानी लोगों के घरों में घुस रहा



है।स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कंपनी की लापरवाही स्पष्ट दिख रही है। अब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके का निरीक्षण करने नहीं पहुंचा है। स्थानीय वाहन चालक राम नरेश ने बताया कि यह समस्या हर साल आती है। लेकिन प्रशासन की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया जाता। इस वर्ष निर्माण कार्य की वजह से स्थिति और भी गंभीर हो गई है।

# बीपीसीएम को हटाने की मांग को लेकर धरने पर बैठी आशा वर्कर्स

## आशा वर्कर्स एसोसिएशन ने बीपीसीएम पर लगाया गाली गलौज करने के आरोप

नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो

मुरादाबाद । आशा वर्कर्स यूनियन की मुरादाबाद इकाई ने कुंदरकी सीएचसी में तैनात बी सीपीएम मीनू कश्यप पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया

आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले बड़ी तादाद में इकट्ठा होकर शुक्रवार को मुरादाबाद कलेक्ट्रेट पहुंची

आशा वर्कर्स ने आरोप लगाया कि मीनू कश्यप भ्रष्टाचार में लिप्त है ये भी आरोप लगाया कि हर वाउचर पर आशा वर्कर्स से पैसा वसूला जाता है आशा वर्कर्स यूनियन की सचिव नीतू ने कहा कि पूर्व में हम सभी की ओर से बीसीपीएम मीनू



कश्यप के खिलाफ शिकायत की गई थी तब एक बार मीनू कश्यप को हटा भी दिया गया था लेकिन बाद में अपने रसूक के दम पर मीनू ने फिर से कुंदरकी में ही तैनाती पाली है

आशा वर्कर्स की मांग है कि बीसीपीएम मीनू कश्यप को तत्काल कुंदरकी से हटाया जाए और उन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कराकर कर कड़ी कार्रवाई की जाए आशा वर्कर्स ने चेतावनी भी दी है कि यदि बीसीपीएम के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो आशा वर्कर्स इसी तरह काम छोड़कर हड़ताल पर रहेगी और कोई भी सरकारी कार्य में सहयोग नहीं करेंगी धरना प्रदर्शन करने वालों में निर्मला, नीतू, परवीन जहां, सरताज जहां, अर्चना, मिथिलेश, मोहिनी, सहित बड़ी संख्या में आशा वर्कर्स मौजूद रहीं।

# हनुमान जन्मोत्सव पर मवाना में बजरंग दल द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन



मेरठ। नगर मवाना में राष्ट्रीय बजरंग दल ने श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर झारखंडी शिव मंदिर पक्का तालाब भव्य सुंदर कांड का पाठ किया गया जिसमे मवाना नगर से सैकड़ो की संख्या में भक्तगण पहुचे बच्चे और महिलाओं में भक्ति का भाव देखने को मिला /राष्ट्रीय बजरंग दल के अधिकारी प्रांत उपाध्यक्ष प्रदीप त्यागी एचपी और गौरव गर्ग जी विभाग मंत्री मेरठ राष्ट्रीय बजरंग दल ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया नगर में घर-घर संपर्क अभियान चलाकर युवाओं को भगवान राम और भगवान हनुमान के आदर्शों से परिचित कराएंगे। उनका मानना है कि वर्तमान में युवा ही हिंदू समाज को बचाने का कार्य करने वाला है । कार्यक्रम में आदेश चौधरी जिलाध्यक्ष एचपी,सचिन गुप्ता जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल,महेंद्र त्यागी संरक्षक एचपी,नगर अध्यक्ष अंकुर रस्तोगी, नगर महामंत्री अपूर्व रस्तोगी,नगर उपाध्यक्ष अमन प्रजापति,नगर मंत्री सौरभ दुबलिश,नगर सुरक्षा प्रमुख भोला,नगर संयोजक मोनू,सचिन शर्मा,लावनीश,दक्ष और सैकड़ो महिला और बच्चे रहे ।

# निजी स्कूलों के लूटतंत्र के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। निजी स्कूलों में मनमानी फीस वृद्धि, यूनिफार्म और किताबों के नाम पर चल रहे लूटतंत्र के विरोध में कांग्रेस के कार्यकताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि निजी स्कूल पूरी तरह से मनमानी पर उतर चुके हैं और मनमाने तरीके से फीस बढ़ाई जा रही है।

जिलाध्यक्ष गौरव भाटी और महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि निजी स्कूलों का यह आचरण न लोकतंत्र और न ही कल्याणकारी राज्य के सिद्धांतों के अनुकूल है। कांग्रेस इस निरंकुश और शोषण प्रवृत्ति की भर्त्सना करते हुए एक न्यायोचित एवं छात्र हितकारी नियमावली अविलम्ब बनाने की मांग करती है।

# अपराधियों को किसी भी कीमत पर नहीं बक्शा जायेगा: कोतवाल धर्मेंद्र कुमार सिंह

कोतवाल धर्मेंद्र कुमार सिंह और गत मंगलवार को मन्ना माजरा में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग के मास्टरमाइंड जावेद उर्फ भाटी तथा उसके पूरे गैंग पर नकेल कस कर उनको सलाखों के पीछे भेजा जाएगा नवनियुक्त कोतवाल धर्मेंद्र कुमार सिंह कैराना कोतवाली के नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने कहा है कि कैराना से नशाखोरी को जड़ से खत्म किया जाएगा

तथा अपराधियों को किसी भी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा कोतवाल धर्मेंद्र कुमार ने कि फरियादीयों से अपील की है!

कि फरियादी उनसे सीधे जाकर मिले किसी दलालों के चक्कर में ना पड़े तथा उन्होंने कहा कि दलालों का कोतवाली में प्रवेश निषेध रहेगा!

वहीं नवनियुक्त कोतवाल धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि अगर किसी भी दलाल ने किसी फरियादी से कोई पैसा लिया तो दलालों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा और उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी!

तथा नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने कहा है कि क्षेत्र से गुंडागर्दी को जड़ से खत्म किया जाएगा और फरियादियों की फरियाद का तुरंत निस्तारण किया जाएगा!

उन्होंने अपने अधीनस्थ दरोगाओं और सिपाहियों की बैठक लेकर सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए!

और कहा कि फरियादियों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्रों पर अभिलंब कार्य किया जाए और गुंडातत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाए!

कोतवाल धर्मेंद्र कुमार ने अपने अधीनस्थ दरोगाओं और सिपाहियों से कहा है!

कि वह जनता से संवाद बनाए और नगर के संभ्रांत नागरिकों के संपर्क में रहे तथा नगर में खुराफाती करने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखें!

कोतवाल धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि अगर कोई भी खुराफाती नगर में या क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई खुराफाती करेगा तो उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उसको जेल भेजा जाएगा!

तथा कोतवाल धर्मेंद्र कुमार ने सभी नगर एवं क्षेत्र वासियों से यह भी अपील की है!

कि वह ऐसे खुराफाती लोगों से दूर रहे जो नगर में खुराफात करके नगर का माहौल खराब करने की कोशिश करते हैं!

कोतवाल धर्मेंद्र कुमार ने नगर एवं क्षेत्र का माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले खुराफातीयों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर किसी ने भी नगर या ग्रामीण क्षेत्र का माहौल खराब करने की कोशिश की तो



उनके विरुद्ध ऐसी कड़ी कार्यवाही की जाएगी कि उनकी आने वाली नस्ल भी ध्यान रखेंगे!

तथा कोतवाल धर्मेंद्र कुमार ने गो-तस्करों को भी कड़े शब्दों शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी भी गो तस्कर ने क्षेत्र में गो तस्करी करने गो तस्करी ने घटिया कोशिश की तो में तस्करी करने वालों को किसी भी कीमत पर नहीं बशूगां कोतवाल धर्मेंद्र कुमार ने कहा अपराधी और गो तस्कर चाहे जितनी पहुंच वाला क्यों ना हो वह किसी भी कीमत पर नहीं बख्शा जायेगा!

कोतवाल धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि अगर किसी भी अपराधी ने अपराध करने की या पीड़ितों को धमकाने की किसी भी प्रकार की कोई भी कोशिश की तो वह अपना अंजाम बुगत्ने के लिए तैयार रहें!

कोतवाल धर्मेंद्र कुमार ने कहा है कि फरियादियों को हर संभव मदद मिलेगी तथा नगर का माहौल खराब करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही तो की जाएगी ही उनके विरुद्ध गैंगस्टर एवं एनएसए की कार्यवाही भी की जाएगी!

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र वासियों से अपील की है! कि वह सीधे जाकर उनसे मिले और अपनी समस्या उनको मिलकर बताएं गरीब, पीड़ित, मजलूम, मजदूर, की समस्या का तुरंत समाधान किया जाएगा!

और अगर कोई भी गुंडातत्व उनको परेशान करता है या कोई दलाल उनसे पुलिस के नाम पर पैसा मांगता है!

तो वह सीधे जाकर मुझे मिले और गुंडा तत्व तथा दलालों की सूचना तुरंत उनको दे गुंडो को उनके अंजाम तक पहुंचाया जाएगा!

अब देखना है कि कोतवाल धर्मेंद्र कुमार भविष्य में क्या? करते हैं!

अभी पिछले दिनों ग्राम मन्नामाजरा में हुई कहीं दर्जन राउंड फायरिंग के प्रकरण के दर्जन भर से अपराधी अभी भी पुलिस गिरफ्तार से दूर हैं!

उपरोक्त फायरिंग में दो आदमी गोली लगने से घायल भी हो गए थे और पूरे गांव मन्ना माजरा में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया था ग्राम मन्ना माजरा में फायरिंग करने वालों में काफी बदमाश काफी अपराधी अत्यधिक अपराधिक प्रवृत्ति के हैं! जिनके विरुद्ध हत्या के प्रयास जैसे दर्जनों जघन्य अपराध दर्ज हैं!

तथा गैंग लीडर जावेद उर्फ भाटी अभी भी फरार है! और सूत्रों के हवाले से खबर मिली है! कि वह लोगों पर रोग गालिब करता फिर रहा है! और कह रहा है! कि मुझे जेल तो जाना ही है! मगर अब की बार फिर हत्या करके ही जेल जाएगा हत्या के प्रयास में नहीं अब देखना है!

कि नवनियुक्त कोतवाल जावेद उर्फ भाटी की चेतावनी को किस प्रकार लेते हैं!

वैसे जनता का कहना है कि धर्मेंद्र कुमार एक जांबाज, निडर, और सुलझे, हुए कोतवाल हैं!

वह ऐसे अपराधियों की कमर तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और अपराधियों को उनके अंजाम तक पहुंचा कर ही दम लेंगे!

आज नगर के संभ्रांत नागरिकों ने नवनियुक्त कोतवाल धर्मेंद्र कुमार का स्वागत किया और मन्नामाजरा फायरिंग के मास्टरमाइंड जघन्य अपराधी जावेद उर्फ भाटी जैसे अपराधियों के बारे में भी बताया नाम न छापने की शर्त पर कुछ लोगों ने कहा है!

कि जावेद उर्फ भाटी क्षेत्र में कोई बड़ी घटना अंजाम देने के फिराक में है!

तथा उन व्यक्तियों ने कहा है कि आज हम नवनियुक्त कोतवाल से मिले थे तो नगर के संभ्रांत नागरिकों को विश्वास है!

कि नवनियुक्त कोतवाल धर्मेंद्र कुमार जावेद उर्फ भाटी जैसे गैंग लीडर के आतंक को कैराना से खत्म करके ही दम लेंगे यह तो भविष्य के गर्भ में ही छुपा है!

कि नवनियुक्त धर्मेंद्र कुमार ऐसे खतरनाक गैंग के सफाई के लिए भविष्य में क्या करते हैं!

मगर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के अमन पसंद नागरिकों को नवनियुक्त कोतवाल धर्मेंद्र कुमार पर पूरा विश्वास है!

कि वह ऐसे गैंग लीडर पर शिकंजा करते हुए उसे जल्द ही सलाखों के पीछे भेजेंगे और लोगों का कहना है कि नवनियुक्त कोतवाल धर्मेंद्र कुमार जावेद भाटी गैंग सहित क्षेत्र में पनप रहे अपराधियों को भी उनके अंजाम तक पहुंचाएंगे अब यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा है कि नवनियुक्त कोतवाल अपराधियों के लिए क्या? करते हैं?

# संपादकीय

## टैरिफ युद्ध में भारत के लिए अवसर

कहा जाता है कि जिद्द के पक्के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आमतौर पर अपने फैसलों से पीछे नहीं हटते हैं। यदि ऐसा कोई कदम उठाते हैं तो उसे असामान्य बात ही कहा जाएगा। लेकिन हाल ही में उनके उस फैसले ने सबको चौंकाया है जिसमें उन्होंने भारत और यूरोपीय संघ के सदस्यों समेत दुनिया के साठ देशों के खिलाफ घोषित ह्यपारस्परिक टैरिफह्न को नब्बे दिनों को टालने की घोषणा की है। बहरहाल, उनके इस अप्रत्याशित फैसले ने वैश्विक बाजारों को राहत दी है। जो यह दशार्ता है कि अड़ियल माने जाने वाले डोनाल्ड ट्रंप प्रतिकूल वैश्विक प्रतिक्रिया और घरेलू स्तर पर लगातार तेज होती असंतोष की आवाज से पूरी तरह से बेखबर नहीं हैं। वहीं दूसरी ओर ट्रंप ने चीन के खिलाफ टैरिफ बढ़ाने की रफ्तार तेज कर दी है। अमेरिका ने चीनी उत्पादों पर लगाये जाने वाले कर की दर को बढ़ाकर एक सौ पच्चीस कर दिया है। ऐसा लगता है कि चतुर सुजान ट्रंप को इस बात का अहसास हो गया है कि दुनिया के बहुत सारे देशों को नाराज करने की तुलना में एक मुख्य प्रतिद्वंद्वी पर निशाना केंद्रित करना अधिक सुरक्षित और समझदारी से भरा फैसला होता है। दरअसल, टैरिफ वॉर के बाद अमेरिका में शेयर बाजार जिस तेजी से ध्वस्त हुए हैं, उसके मद्देनजर उनके ह्यअमेरिका ग्रेट अगेनह्न के सपने को खतरा पैदा होने की आशंका पैदा हो गई है। तभी वह अपने टैरिफ थोपने के फैसले को कुछ दिनों के लिये आगे टाल रहे हैं। वैसे अभी भी यह अनुमान लगाना मुश्किल ही है कि उनकी यह नई समझदारी निरंतरता के साथ स्थायी होगी भी या नहीं। लेकिन अनिश्चय के दौर से गुजर रहे वैश्विक बाजार को कुछ समय के लिये राहत जरूर मिली है। जिसका असर दुनिया के शेयर बाजारों पर भी नजर आया है। जिससे मंदी की तरफ बढ़ रही दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं कुछ समय तक राहत की सांस ले सकती हैं। बहरहाल, भारत ने ट्रंप के द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ का तत्काल जवाब न देकर सकारात्मक पहल की है। ऐसा लगता है कि भारत ने ट्रंप के टैरिफ पर आक्रामक रुख अपनाने के बजाय इंतजार करने का फैसला करके समझदारी भरा कदम उठाया है। हालांकि, इस फैसले को लेकर विपक्षी आलोचना के स्वर भी सुनाए देते रहे हैं। दरअसल, दांव पर दोनों देशों के बीच होने वाला द्विपक्षीय समझौता भी है, जिस पर नई दिल्ली और वाशिंगटन काम कर रहे हैं। भारत का लक्ष्य है कि दोनों देशों के बीच व्यापार को ढाई गुना बढ़ाना है। भारत ने चतुराई से असहज स्थितियां पैदा करने वाले कारकों को टाला है। बहरहाल, हाल में मिली राहत के बीच यह सुनिश्चित करने के लिये निरंतर बातचीत की आवश्यकता होगी कि भारत को लंबे समय तक भारी टैरिफ का बोझ न उठाना पड़े। साथ ही भारतीय हितधारकों को अधिक नुकसान से भी बचाया जाना चाहिए। वहीं चीन ने अमेरिका द्वारा टैरिफ थोपे जाने के खिलाफ अंत तक व्यापार युद्ध लड़ने की कसम खाई है। उसने मौजूदा परिस्थितियों में अमेरिका विरोधी मोर्चा बनाने के लिये यूरोपीय संघ और आसियान के देशों से संपर्क साधा है। ऐसा लगता है कि चीन को इस बात का अहसास हो चला है कि टैरिफ युद्ध में वह अकेला ही अमेरिका का मुकाबला करने में सक्षम नहीं हो सकेगा। दिलचस्प बात यह है कि चीन भारत को संकेत दे रहा है कि दो सबसे बड़े विकासशील देशों को मौजूदा कठिनाइयों को दूर करने के लिये एक साथ खड़ा होना चाहिए। हालांकि, भारत चीन के इस अवसरवाद को बखूबी समझता है। लेकिन एक मुश्किल बात यह है कि चीन और अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में शामिल हैं। लेकिन अतीत में चीन की भारत के खिलाफ जिस तरह की हरकतें रही हैं और जिस तरह वह दक्षिण एशिया में भारत की घेराबंदी कर रहा है, उसके मद्देनजर चीनी आकांक्षा के प्रति भारत को सतर्क प्रतिक्रिया देनी चाहिए। लगातार विषम होती परिस्थितियों के बीच भारत को अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये बेहद सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए।

# राणा के बहाने पाकिस्तान का पूरा आतंकी सच

**17 साल बाद आज भी महानगर मुम्बई की वह काली रात एवं गोलियों की गूंज से सब दहल उठते है, सहम जाते हैं। उस दिन पाक प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने एक साथ कई जगहों पर हमला किया। लियो पोर्ल्ड कैफे और छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से शुरू हुआ मौत का दर्दनाक तांडव ताजमहल होटल में जाकर खत्म हुआ। जिसमें आतंकवाद निरोधक दस्ते यानि एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे, मुम्बई पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त अशोक कामटे और पुलिस इंस्पैक्टर विजय सालस्कर शहीद हुए। आतंकवादी कसाब को जिन्दा पकड़ने वाले साहसी सब इंस्पैक्टर तुकाराम को कौन भुला सकता है, जो एक दूसरे आतंकवादी की गोलियों का शिकार होकर भी, जान की बाजी लगाकर कसाब को पकड़ने में सफलता पायी, भले ही इस एकमात्र पाकिस्तानी आतंकवादी कसाब को सजा-ए-मौत दी गई लेकिन इस हमले ने क्रूरता के जो निशान छोड़े वे आज भी मुम्बई में मौजूद हैं**

मुंबई में भीषण, खौफनाक एवं दर्दनाक आतंकी हमले की साजिश रचने और उसे अंजाम देने में सक्रिय रूप से शामिल रहने वाले पाकिस्तान मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से भारत लाया जाना किसी उपलब्धि से कम नहीं है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कूटनीतिक जीत एवं भारत की कानून की बड़ी सफलता है। लगभग 170 लोगों की दर्दनाक मौत, क्रूरता एवं अमानवीयता का डरावना मंजर एवं देशवासियों की आंखों को गमगीन करने वाले इस आतंकी हमले के मास्टरमाइंड राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिये एक उजली किरण बनकर प्रस्तुत हुई है। 26-11-2008 एक ऐसी डरावनी तारीख है जिसे याद करके देशवासी सिहर जाते हैं। दहशत की तस्वीरें आंखों के सामने आ जाती हैं। यह तारीख मुम्बई के पुराने घाव को न केवल कुरेदती है बल्कि टीस भी पैदा करती है कि 150 करोड़ का यह देश अब तक क्यों नहीं राणा का प्रत्यर्पण कराकर उसे दर्दनाक सजा दे पाया। अब राणा के भारत के शिकंजे में आ जाने से 26-11 के घावों पर कुछ मरहम लगेगा क्योंकि मुम्बई एवं देश आज भी जख्मों का हिसाब मांगती है।

देर आये दुरस्त आये की कहावत को चरितार्थ करते हुए अब देश का खतरनाक दुश्मन हाथ आ गया है तो उसे ऐसी सजा दी जाये कि न केवल पाकिस्तान, पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन एवं दुनिया में आतंक फैलाने वाले सहम जाये कि भविष्य में ऐसी घटना करने का दुस्साहस न कर सके। यह तो तय है कि राणा से पूछताछ में कई राज खुलेंगे, लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि क्या उसे फांसी की सजा देना संभव होगा? भारत सरकार को ऐसे कूटनीतिक एवं साहसिक प्रयत्न करने होंगे, जिससे उसे फांसी की सजा देना संभव हो सके और वह भी कम से कम समय में। मुंबई हमले के दौरान पकड़े गए आतंकी अजमल कसाब को सजा देने में चार साल लग गए थे। इतनी देरी राणा



के मामले में नहीं होनी चाहिए। यह ऐसा मामला है, जिस पर देश के साथ दुनिया की भी निगाह होगी। राणा की सजा से ही भारत के न्यायतंत्र की त्वरता एवं तत्परता सामने आयेगी। क्योंकि खूंखार आतंकियों को सजा देने में देरी से आतंक से लड़ने की प्रतिबद्धता पर प्रश्नचिह्न टंकते है।

17 साल बाद आज भी महानगर मुम्बई की वह काली रात एवं गोलियों की गूंज से सब दहल उठते है, सहम जाते हैं। उस दिन पाक प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने एक साथ कई जगहों पर हमला किया। लियो पोर्ल्ड कैफे और छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से शुरू हुआ मौत का दर्दनाक तांडव ताजमहल होटल में जाकर खत्म हुआ। जिसमें आतंकवाद निरोधक दस्ते यानि एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे, मुम्बई पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त अशोक कामटे और पुलिस इंस्पैक्टर विजय सालस्कर शहीद हुए। आतंकवादी कसाब को जिन्दा पकड़ने वाले साहसी सब इंस्पैक्टर तुकाराम को कौन भुला सकता है, जो एक दूसरे आतंकवादी की गोलियों का शिकार होकर भी, जान की बाजी लगाकर कसाब को पकड़ने में सफलता पायी, भले ही इस एकमात्र पाकिस्तानी आतंकवादी कसाब को सजा-ए-मौत दी गई लेकिन इस हमले ने क्रूरता के जो निशान छोड़े वे आज भी मुम्बई में मौजूद हैं, भारत के जन-जन के हृदय पटल पर अंकित है।

कौन नहीं जानता कि तहव्वुर राणा ने दाऊद सईद गिलानी यानि डेविड कोलमैन हेडली के साथ मिलकर हमले की साजिश रची थी। डेविड हेडली ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मुम्बई में फर्स्ट वर्ल्ड इमीग्रेशन सर्विसिज के नाम से एक कम्पनी का कार्यालय खोला और खुद को बिजनेसमैन के रूप में पेश किया। धीरे-धीरे उसने फिल्म जगत में नामी-गिरामी हस्तियों से जान-पहचान बढ़ाई। भारत यात्रा के दौरान उसने मुम्बई एवं देश के अन्य हिस्सों की रेकी की जहां पर हमला किया जाना था। पाकिस्तानी पिता और अमरीकी माँ की औलाद हेडली अमरीका में एक समय रंगीन जिन्दगी गुजार चुका था जिसके दौरान ड्रग्स की तस्करी के लिए उसे जेल भी हुई थी। भारत ने हेडली के प्रत्यर्पण के लिए भी अनुरोध किया था, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने उसे छोड़ने से इनकार कर दिया, क्योंकि कई मामलों और डेनमार्क में एक हमले की नाकाम साजिश सहित 12 आतंकवाद से संबंधित आरोपों में दोषी होने की बात स्वीकार की थी। उसने लश्कर, आईएसआई और अलकायदा के राज अमेरिका को बताए तब से ही हेडली अमेरिका की सम्पत्ति बन गया है। फिलहाल हेडली का अमेरिका में सुरक्षित रहना बड़े सवाल खड़े करता है। इस बीच भारत ने राणा को मोस्ट वॉन्टेड घोषित कर दिया और 28 अगस्त 2018 भारत के खिलाफ आतंकी साजिश रचने, युद्ध छेड़ने, हत्या, जालसाजी और आतंकवादी हमले के आरोपों पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अब सवाल यह है कि अमेरिका ने राणा को तो भारत के हवाले कर दिया लेकिन वह डेविड हेडली के मामले में क्यों खामोश?है?

राणा को भारत लाया जाना, भारत के शिकंजे में आना भारत की बहुत बड़ी कूटनीतिक जीत है। राणा पाकिस्तानी सेना का पूर्व अधिकारी है। चूंकि उसने आतंकी संगठन लश्कर एवं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ से मिलकर मुंबई हमले की साजिश रची थी, इसलिए उससे गहन पूछताछ करके पाकिस्तान को नए सिरे से न केवल बेनकाब करना होगा, बल्कि उस पर इसके लिए दबाव भी बनाना होगा कि वह मुंबई हमले के अन्य गुनहगारों को भी दंडित करे। इस हमले के गुनहगार पाकिस्तान में खुले घूम रहे हैं। अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा को भारत भेजने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। हालांकि राणा ने कई हथकंडे अपनाए लेकिन अमेरिकी अदालतों में उसकी सारी याचिकाएं ठुकरा दी गईं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की यह आज तक की सबसे बड़ी जीत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल इसके लिए कूटनीतिक प्रयास करते रहे हैं। सर्वविदित है कि भारत विश्व के सर्वाधिक पाकिस्तान पोषित आतंकवाद प्रभावित देशों में से एक है। 26-11 के मुंबई हमलों के अलावा 2008 में ही जयपुर विस्फोट, काबुल में भारतीय दूतावास के अलावा अहमदाबाद, दिल्ली और असम के विस्फोट भी शामिल थे। यह संतोषजनक तो है कि अमेरिका ने देर से सही, राणा को भारत को सौंप दिया। यदि ट्रंप फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति नहीं बनते तो शायद राणा को भारत लाना और मुश्किल होता। जो भी हो, भारत को केवल इतने से ही संतोष नहीं करना चाहिए कि अंततः एक बड़ा आतंकी उसके हाथ लग गया। भारत को देश के अन्य शत्रुओं एवं आतंकियों को भी दंडित करने-कराने के प्रति प्रतिबद्ध रहना होगा। उन्हें और पाकिस्तान सरीखे उनके आकाओं को यह संदेश नए सिरे से देना होगा कि भारत अपने दुश्मनों को न तो भूलता है और न माफ करता है।

तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण आतंकवाद के खिलाफ भारत की एक बड़ी जीत है, लेकिन इसे आतंकवाद के खिलाफ एक छोटा पडाव मानते हुए अभी कई मोर्चें पर आतंकवाद के खिलाफ कमर कसनी होगी, अब भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का असली बड़ा काम यहां से शुरू हुआ है। मुंबई सहित देश के अन्य हिस्सों और विशेषतः जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले की पूरी प्लानिंग के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई व उसकी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों का हाथ न केवल था, बल्कि आर्थिक एवं अन्य तरह का सहयोग भी शामिल है। राणा के बहाने पाकिस्तान के मनसूंबों को बेनकाब करना ज्यादा जरूरी है, इससे कई राज खुलने और जांच को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। तमाम सबूत होने के बाद भी पाकिस्तान इस हमले के पीछे अपनी कोई भूमिका होने से इनकार करता रहा है। हालांकि वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे आतंकवादी सरगनाओं को बचाता भी रहा है। राणा के माध्यम पाकिस्तान का पूरा सच देश भी जाने एवं दुनिया भी समझे, तभी राणा का भारत आना सफल एवं सार्थक होगा।

# अंतरिक्ष प्रवास तेज करता है बुढ़ापे की प्रक्रिया

दृष्टि क्षति लंबी अंतरिक्ष यात्रा के सबसे बड़े दुष्प्रभावों में से एक है। सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण और विकिरण भी श्वेत रक्त कोशिका उत्पादन को बदल सकते हैं, जिससे शरीर की वायरस और बैक्टीरिया से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है। हर्पीज और चिकनपॉक्स जैसे निष्क्रिय वायरस, आईएसएस पर प्रवास के दौरान तनाव और इम्यून सिस्टम के दमन के कारण फिर से सक्रिय हो सकते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर विवशतावश नौ महीने बिताने के बाद नासा के अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स सकुशल लौट आए लेकिन धरती पर लौटने पर जब वे अपने क्रू ड्रैगन कैप्सूल से बाहर निकले तो उन्हें व्हीलचेयर पर रखा गया। दोनों अंतरिक्ष यात्री बहुत अच्छी सेहत में नहीं दिखे। आईएसएस पर शून्य-गुरुत्वाकर्षण के वातावरण में रह कर उनकी मांसपेशियां कमजोर हो गईं और उनकी हड्डियों का घनत्व भी कम हो गया जिससे उनके लिए चलना या खड़ा होना भी मुश्किल हो गया। अंतरिक्ष यात्रियों की जोड़ी दुबली-पतली भी दिखाई दी। कुछ पर्यवेक्षकों ने पाया कि पिछले जून में अंतरिक्ष यात्रा पर निकलने के बाद से वे काफी बूढ़े हो गए हैं।

वैसे नौ महीने का प्रवास अंतरिक्ष में बिताया गया सबसे लंबा समय नहीं है। यह रिकॉर्ड रूसी अंतरिक्ष यात्री वालेरी पोल्याकोव के नाम है, जिन्होंने 1990 के दशक में मीर अंतरिक्ष स्टेशन पर 14 महीने बिताए थे। फिर भी नौ महीने की अवधि उनके शरीर के लिए अंतरिक्ष के चरम वातावरण के सबसे बुरे प्रभावों का अनुभव करने के लिए पर्याप्त थी। अंतरिक्ष की 286-दिवसीय यात्रा के दौरान दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को किन-किन शारीरिक परिवर्तनों से गुजरना पड़ा होगा, इसका खुलासा उनके स्वास्थ्य की विस्तृत समीक्षा के बाद ही हो पाएगा। अंतरिक्ष में रहना मनुष्य के लिए सहज नहीं है। अध्ययनों से पता चला है कि अंतरिक्ष में लंबा प्रवास बुढ़ापे की प्रक्रिया को तेज करता है। गुरुत्वाकर्षण की कमी से हृदय और रक्त वाहिकाओं को कम काम करना पड़ता है,जिससे उनमें कमजोरी आ जाती है। अंतरिक्ष यात्रियों को सामान्य से ज्यादा तेज गति से हड्डियों के घनत्व में कमी, मांसपेशियों में क्षय और कोशिकीय परिवर्तन का भी अनुभव होता है। हड्डियों का घनत्व हर महीने 1-2 प्रतिशत तक कम हो जाता है, जिससे पृथ्वी पर लौटने पर ऑस्टियोपोरोसिस और फ्रैक्चर का जोखिम बढ़ जाता है। इन स्थितियों से निपटने में अंतरिक्ष यात्रियों की मदद करने के लिए आईएसएस विशेष ट्रेडमिल और व्यायाम बाइक से लैस है। पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बलों की नकल करने के लिए खास तौर से डिजाइन किए गए रजिस्टेंस बैंड (व्यायाम उपकरण) भी हैं।

ब्रह्मांडीय विकिरण के संपर्क में आने से डीएनए की क्षति के साथ ह्यऑक्सीडेटिव स्ट्रेसह्न भी हो सकता है, जिससे आणविक स्तर पर समय से पहले बुढ़ापा आ सकता है। ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस



दरअसल पोषक तत्वों और अस्थिर अणुओं का असंतुलन है जो कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा कर रोग उत्पन्न करता है।

गुरुत्वाकर्षण की अनुपस्थिति में शारीरिक द्रव भी सिर की ओर शिफ्ट हो जाता है, जिससे दृष्टि संबंधी तंत्रिका में सूजन और रेटिना में सिलवटें आ जाती हैं। आंख का पिछला हिस्सा चपटा हो जाता है और मस्तिष्क में सूजन आ जाती है। इससे स्पेसफ्लाइट-एसोसिएटेड न्यूरो-ऑकुलर सिंड्रोम नामक बीमारी के कारण दृष्टि बाधित हो सकती है। पृथ्वी पर लौटने के बाद मस्तिष्क और आंखों पर दबाव सामान्य स्तर पर वापस आ जाता है, हालांकि इससे होने वाली क्षति कभी-कभी स्थायी हो सकती है। दृष्टि क्षति लंबी अंतरिक्ष यात्रा के सबसे बड़े दुष्प्रभावों में से एक है। सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण और विकिरण भी श्वेत रक्त कोशिका उत्पादन को बदल सकते हैं, जिससे शरीर की वायरस और बैक्टीरिया से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है। हर्पीज और चिकनपॉक्स जैसे निष्क्रिय वायरस, आईएसएस पर प्रवास के दौरान तनाव और इम्यून सिस्टम के दमन के कारण फिर से सक्रिय हो सकते हैं।

आईएसएस पर जाने से पहले अंतरिक्ष यात्रियों को क्वारंटीन अवधि से गुजरना पड़ता है। इसका मतलब है कि अंतरिक्ष स्टेशन पर बहुत कम रोगाणु या वायरस हैं। हाल ही में हुए एक अध्ययन में कहा गया है कि अंतरिक्ष स्टेशन बहुत ज्यादा साफ हो सकता है। इसमें रोगाणुओं की कमी के कारण इम्यूनिटी संबंधी समस्याएं, त्वचा संबंधी विकार और अन्य स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। आईएसएस से लौटने वाले अंतरिक्ष यात्री इस समय 45-दिवसीय रिकंडीशनिंग प्रोग्राम से गुजर रहे हैं जिसमें मांसपेशियों के क्षय को ठीक करने के लिए फिजियोथेरैपी शामिल है।

वहीं नासा का कहना है कि अंतरिक्ष यात्रियों के दल पहले भी अंतरिक्ष में लंबे समय तक रह चुके हैं और धरती पर वापसी के बाद सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की परफॉर्मेंस स्थापित मानदंडों के अनुरूप होने की उम्मीद है। पुनर्वास के पहले कुछ दिनों में अंतरिक्ष यात्रियों को चक्कर आएगा क्योंकि उनके शरीर को सीधा रहने के लिए संतुलन बनाए रखने की आदत होगी। कुछ महीनों के भीतर उनकी मांसपेशियों का द्रव्यमान वापस आ जाना चाहिए, जबकि हड्डियों का घनत्व कुछ वर्षों के बाद सामान्य स्तर पर वापस आएगा। उनके शरीर में कुछ परिवर्तनों, जैसे कि दृष्टि दोष, को ठीक करना कठिन हो सकता है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि अंतरिक्ष यात्रियों पर पड़ने वाले शारीरिक प्रभावों का अध्ययन भविष्य के मानव मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है। ध्यान रहे कि मंगल की एक तरफ की यात्रा में लगभग नौ महीने लगते हैं। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर पिछले साल जून में 8 दिन के लिए अंतरिक्ष स्टेशन पर गए थे लेकिन उनको वहां नौ महीने बिताने पड़ गए क्योंकि उनको वापस लाने वाले बोइंग स्टार लाइनर में खराबी आ गई और किसी न किसी वजह उनकी वापसी टलती गई। लंबे समय तक रहने के बावजूद, विल्मोर और विलियम्स आईएसएस पर सक्रिय रहे। उन्होंने माइक्रोग्रैविटी रिसर्च और स्टेशन के रखरखाव में अपना काम जारी रखा। ट्रंप और उनके खासमखास मस्क ने इस मामले को राजनीतिक रंग देने की कोशिश की। उन्होंने बिना किसी सबूत के दावा किया कि विल्मोर और विलियम्स को वापस लाने में देरी राजनीति से प्रेरित थी। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर अंतरिक्ष यात्रियों को अपने हाल पर छोड़ने का आरोप लगाया। इन आरोपों को विशेषज्ञों द्वारा तुरंत खारिज कर दिया गया, जिनमें डेनिश अंतरिक्ष यात्री एंड्रियास मोगेनसेन भी शामिल हैं, जो दो बार आईएसएस के लिए उड़ान भर चुके हैं। मोगेनसेन ने सार्वजनिक रूप से इन दावों की निंदा की और गलत सूचना फैलाने के लिए ट्रंप और मस्क की आलोचना की।

फिर भी अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी में देरी हमारे समक्ष कई खड़े सवाल खड़े करती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश और नासा जैसी साधन संपन्न अंतरिक्ष एजेंसी को दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने में नौ महीने क्यों लग गए? इस प्रसंग से एक और बात साफ हो गई है कि अंतरिक्ष में आपात स्थिति से निपटने के लिए हमारे पास कोई व्यवस्था नहीं है। अंतरिक्ष विज्ञान में निरंतर प्रगति के बावजूद अंतरिक्ष मिशनों में आज भी अनिश्चितता का तत्व बना हुआ है। मनुष्य को मंगल पर ले जाने का सपना दिखाने वाले मस्क की स्पेसएक्स कंपनी के दो बड़े रॉकेटों में हाल में हुए विस्फोट यह दशार्ते हैं कि अंतरिक्ष की राह कितनी कठिन है। अंतरिक्ष मिशनों की सफलता के लिए प्रौद्योगिकी भी त्रुटिरहित होनी चाहिए।

# भव्य और आकर्षक मेला के लिए जिला प्रशासन तैयार

## श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव करेंगे मेले का उद्घाटन



बसंतराय गोड्डाः- प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक तालाब किनारे लगने वाले राजकीय बिसूआ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक व दुरुस्त इंतजाम को लेकर गोड्डा खेल अधिकारी प्राण महतो प्रखंड प्रमुख अंजर अहमद जिप सदस्य एहतेशाम उल हक जिप सदस्य अरशद वहाब ने शुक्रवार को ऐतिहासिक तालाब किनारे लगने वाले मेला का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और प्रखंड प्रशासन द्वारा किए जा रहे तैयारी की बारीकी से जांच कर जायजा लिया। श्रद्धालुओं की सुविधा में कोई कमी न होने का निर्देश दिया गया। साथ ही तालाब में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के साथ आ रही दिक्कतों का जायजा लिया और उनकी सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान रखने को कहा। कहा कि जिला प्रशासन शांतिपूर्ण तरीके से राजकीय मेला की तैयारी में पूरी तरह से लगा हुआ है। उन्होंने आमजनों से भी तालाब की साफ सफाई कार्य में सहयोग करने की अपील की है। कहा कि झारखंड सरकार कला संस्कृति एवं खेलकूद मंत्रालय मेला को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। मेले में आने वाले सरदारों के लिए तालाब में बोट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही कला संस्कृति से जुड़े कलाकारों की आकर्षक झांकी प्रस्तुति की जाएगी। साथ ही जगह-जगह पर आकर्षक बैनर पोस्टर लगाया जाएगा।मौके पर प्रमुख अंजर अहमद,जिप सदस्य एहतेशाम उल हक,अंचल कर्मी तबरेज आलम,अंचल अमीन,गौतम झा आदि मौजूद थे।

# क्षेत्राधिकारी ने पुलिस बल के साथ किया रूट मार्च, शांति बनाए रखने की अपील

## जुम्मे की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्ट



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। शाहबाद में वक्फ संशोधन विधेयक पास होने के बाद जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। पुलिस क्षेत्राधिकारी शाहबाद हर्षिता सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ नगर के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में रूट मार्च किया। क्षेत्राधिकारी शाहबाद हर्षिता सिंह ने बताया प्रशासन जुम्मे की नमाज को लेकर पूरी तरह सतर्क रहा। उन्होंने रूट मार्च के दौरान सुरक्षा का फीडबैक भी लिया। सीओ ने सभी नागरिकों से कानून व्यवस्था बनाए रखने और आपसी सौहार्द कायम रखने की अपील की।

# निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

मुरादाबाद। निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस, ड्रेस और किताबें पर मनमाने ढंग से रेट वसूलने के खिलाफ कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। उन्होंने अभिभावकों का शोषण बंद करने व कड़े नियमावली बनाए जाने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम डीएम अनुज सिंह के माध्यम से ज्ञापन भेजा।

कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन-आपको बता दें कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर प्रदेश भर में निजी स्कूलों द्वारा फीस, ड्रेस और किताबें पर अभिभावकों से अवैध तरीके से पैसे वसूले जाने के खिलाफ कांग्रेसियों द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में मुरादाबाद कांग्रेस जिला और महानगर इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष विनोद गुंबर और जुनैद कुरैशी के नेतृत्व भारी संख्या में कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर निजी स्कूलों के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ रखी है। वहीं हर वर्ष निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों से फीस, ड्रेस और किताबें पर अवैध तरीके से मनमाने रेट वसूले जा रहे हैं। जिससे आम आदमी परेशान है। जिला अध्यक्ष विनोद गुंबर ने वर्तमान भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, अभिभावकों का शोषण सत्ता पक्ष की मिली भगत से हो रहा है। महानगर अध्यक्ष जुनैद कुरैशी ने कहा कि कांग्रेस आगे भी इस तरह के आंदोलन जारी रखेगी।

# भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नेता ताला मरांडी ने भाजपा से दिया इस्तीफा, JMM का थामा



महगामा/गोड्डाः बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी ने भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। ताला मरांडी ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नाम त्यागपत्र लिखा है। उन्होंने त्यागपत्र जारी करते हुए लिखा है कि ₹मैं, ताला मरांडी, भारतीय जनता पार्टी का एक समर्पित सदस्य रहा हूँ। पार्टी द्वारा दिए गए अवसरों के लिए मैं आभार प्रकट करता हूँ। वर्तमान परिस्थितियों, व्यक्तिगत कारणों एवं वैचारिक मतभेदों के चलते मैंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता तथा सभी पदों से त्यागपत्र देने का निर्णय लिया हूं। मेरा यह निर्णय गहन विचार-विमर्श के पश्चात लिया गया है और इसमें किसी प्रकार की दुर्भावना नहीं है। कृपया मेरे त्यागपत्र को स्वीकार करते हुए मुझे मुक्त किया जाए₹. जो जानकारी है उसके मुताबिक ताला मरांडी झामुमो का दामन थामने वाले हैं। आज बरहेट के भोगनाडीह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सामने ही वह झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया।

# शाहबाद में जीएसटी की टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। नगर के व्यापारियों में हड़कंप जब मच गया जब जी एस टी विभाग की टीम ने नगर की आंवला रोड स्थित एक व्यापारी के पहुंचकर उनसे उनके कारोबार का लिखित में विवरण मांग लिए। समाचार लिखे जाने तक टीम की कार्यवाही जारी रही थी। और टीम के द्वारा कोई संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं दिया गया था। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# अनियंत्रित होकर पलटा रामपुर से शाहबाद आ रहा टेंपो आठ घायल



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद रामपुर से शाहबाद सवारी भरकर ला रहा थ्री व्हीलर रेवड़ी चौराहे पर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें 10 वर्षीय बालिका सहित आठ लोग घायल हो गए। घायलों में मतवाली निवासी थ्री व्हीलर चालक शिवकुमार पुत्र टीकाराम खरतपुर सिरौली निवासी 30 वर्षीय कुलदीप पुत्र शिवनंदन, रुद्रपुर खेड़ा उत्तराखंड निवासी 40 वर्षीय इरफान पुत्र सद्दन, मोहल्ला सादात निवासी 50 वर्षीय बब्बन खान पुत्र शफी खान, ढकुरिया निवासी रोहन पुत्र मूलचंद, कोटा जागीर बिलासपुर निवासी सरोज पत्नी वीरपाल और ढकुरिया निवासी 10 वर्षीय भूरी पुत्री रोहन और रुद्रपुर निवासी रुक्मणी पत्नी हरिओम घायल हो गए। सभी दलों को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर रोहन को पैर में फ्रैक्चर की शिकायत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया था।

# वृंदावन से संभल तक निकलेगी सनातनी युवा पदयात्रा



मथुरा। वृंदावन में प्रयागराज महाकुंभ में अपने विचारों और धार्मिक चेतना को लेकर चर्चा में रहीं हर्षा रिछारिया अब एक नई पहल के साथ धार्मिक यात्रा पर निकली हैं। बृहस्पतिवार को हर्षा वृंदावन पहुंचीं जहां उन्होंने सर्वप्रथम श्रीबांकेबिहारी मंदिर में दर्शन कर पूजन-अर्चन किया। इसके पश्चात उन्होंने अटल्ला चुंगी चौराहे पर स्थित राम मंदिर में भी दर्शन किए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए हर्षा रिछारिया ने बताया कि वह 14 अप्रैल से सनातनी युवा जोड़ो पदयात्रा की शुरूआत वृंदावन से करेंगी। यह यात्रा 21 अप्रैल को भगवान विष्णु के दसवें अवतार कल्कि धाम (संभल) में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सनातन धर्म से जोड़ना और उनमें धार्मिक व सांस्कृतिक चेतना जागृत करना है। यात्रा मार्ग में कई संत-महंत, धमार्चार्य और युवा शामिल होंगे। इससे पहले हर्षा ने आश्रम परिसर में संतों के सानिध्य में शिवलिंग का महाभिषेक भी किया। पदयात्रा को लेकर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने पदयात्रा का समर्थन करते हुए कहा कि संघ से जुड़े सभी धर्म सेवक, साधु-संत और धमार्चार्य इस यात्रा में न केवल भाग लेंगे, बल्कि पूरे मार्ग में भरपूर सहयोग भी देंगे। उन्होंने जानकारी दी कि वृंदावन से संभल तक अनेक स्थानों पर धर्म रक्षा संघ के कार्यकर्ता पदयात्रियों का स्वागत करेंगे।

# व्रन्दावन में रसगुल्ले को लेकर जमकर लाठी डंडे, फेंकी गई कुर्सियां



मथुरा। वृंदावन के गौरा नगर कॉलोनी में मंगलवार रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सगाई समारोह के दौरान खाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। रसगुल्ला दुबारा देने की बात पर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। गौरा नगर कॉलोनी मार्ग स्थित एक प्रसिद्ध आश्रम का है, जहां निषाद समाज से जुड़े एक राजमिस्त्री के बेटे की सगाई का आयोजन किया गया था। समारोह के दौरान जब कुछ मेहमानों ने मिठाई विशेषकर रसगुल्ला दुबारा मांगा तो दूसरे पक्ष के कुछ युवकों ने आपत्ति जताई। छोटी सी बात ने विकराल रूप ले लिया और दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। झगड़े के दौरान कुर्सियां भी फेंकी गईं और समारोह स्थल जंग के मैदान में तब्दील हो गया। महिलाओं और बच्चों में चीख-पुकार मच गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इंस्पेक्टर का कहना है कि इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई है।

# थाना जमुनापार क्षेत्र में पति ने पत्नी



मथुरा के थाना जमुनापार क्षेत्र के गांव सुखदेवपुर में बृहस्पतिवार रात एक पति ने पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को घर के पीछे स्थित खेत में गड्ढा कर दफना दिया। मृतका के देवर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेने के साथ ही शव को गड्ढे से निकलवाया है। सुखदेवपुर निवासी विजय कुमार शराब पीने का आदी है। इसके चलते उसका पत्नी से आए दिन विवाद होता था। बृहस्पतिवार रात को भी दोनों के बीच हुए विवाद के बाद विजय ने अपनी पत्नी रेखा (28) की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद घर के पीछे स्थित खेत में गड्ढा खोदकर शव को दफना दिया। विजय के छोटे भाई और मृतका के देवर दिनेश को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने 112 पर फोन कर रेखा की हत्या की जानकारी दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने विजय को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने विजय की निशानदेही पर खेत में दबे शव को भी बरामद कर लिया। सूचना पर सीओ सिटी भूषण वर्मा और एसपी सिटी डॉ. अरिवंद कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी सिटी ने बताया कि मृतका के परिजनों को सूचना दी गई है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# मथुरा की जेल में बंदियों के मध्य क्रिकेट चैंपियंस लीग प्रतियोगिता प्रारंभ, खूब लगे चौके-छक्के



मथुरा। जनपद के जिला कारागार में बंदियों के मध्य क्रिकेट चैंपियंस लीग प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। उक्त लीग में कारागार की विभिन्न बैरकों की कुल 08 टीमें बनाई गई हैं जिसमें ग्रुप ए में 04 टीमें व ग्रुप बी 04 टीमें रही । इन टीमों के मध्य कुल 12 लीग मैच एवं 02 सेमीफाइनल मैचखेला जाएगा। सेमीफाइनल में विजयी टीमों के मध्य फाइनल मैच खेला जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारम्भ जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग द्वारा टॉस करके किया गया। उदघाटन मैच टाइटन्स एवं रॉयल्स टीम के मध्य खेला गया जिसमें टाइटन्स टीम विजई हुई। उक्त अवसर पर उप कारापाल रवीन्द्र कुमार दुर्गेश प्रताप सिंहअनूप कुमार व अन्य कारागार कार्मिक उपस्थित रहे । मैच के दौरान बंदियों के बीच काफी उत्साह देखा गया।

# हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से लगी आग, 14 बीघा फसल जली

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। नौहझील के गांव सिंगौनी में बृहस्पतिवार दोपहर खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के तार तेज हवा के कारण आपस में टकरा गए। इससे निकली चिंगारी से 3 किसानों की 14 बीघा गेंहू की फसल जल गई। दमकल टीम के पहुंचने से पहले ही किसानों ने आग पर काबू पा लिया। ग्राम प्रधान पवन कुमार ने बताया कि गांव के किसान सुभाष, अरविंद व ओंकार के खेत के ऊपर से नीची व जर्जर हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। हवा के कारण लाइन के तार टकराने से निकली चिंगारी अरविंद की गेहूं की फसल में जा गिरी। यह देखकर ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड व पुलिस टीम को सूचना दी। जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक सुभाष की 10 बीघा फसल, अरविंद की 2 बीघा व ओंकार की काटकर रखी 2 बीघा गेहूं की फसल जल गई। प्रधान व पीड़ित किसानों को मुआवजा देने की मांग जिलाधिकारी से की है।

# 11 सूत्री मांगों की पूर्ति हेतु ठाकुर गंगटी प्रखंड के शिक्षकों ने निकाली रैली, बीडीओ को सौंपा सीएम के नाम मांगपत्र




गोड्डाः ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के शिक्षकों ने शुक्रवार को अपनी 11 सूत्री ज्वलंत एवं न्यायोचित मांगों की पूर्ति के लिए रैली निकाली। इसके पूर्व प्रखंड क्षेत्र के सभी शिक्षक उत्क्रमित उच्च विद्यालय ठाकुर गंगटी परिसर पहुंचे।वहां एक बैठक के माध्यम से कार्यक्रम पर विचार विमर्श कियो तत्पश्चात सभी शिक्षक हाथ में तख्ती लेकर प्रखंड अंचल कार्यालय की ओर कतारबद्ध होकर बढ़ते चले गऐ रैली के दौरान सरकार इधर भी ध्यान दो,हमारी मांगे मान लो, कर्मचारियों से ना दूरी हो,मांग हमारी पूरी हो, शिक्षक भी है सरकारी, एम ए सी पी के अधिकारी, सुनो सुनो झारखंड के लाल,उम्र करो 62 साल, शिशु शिक्षन का भत्ता मिले, नौनिहालों का बचपन खिले, हमें आप पर ऐतबार है,एम ए सी पी का इंतजार है, हमें आप पर ऐतबार है, 62 साल का इंतजार है, हमें आप पर ऐतबार है, शिशु शिक्षण भत्ता का इंतजार है, हर कर्मी की यही पुकार,कब तक चलेगा यह इंतजार, संवाद समन्वय और संघर्ष,जीवन में लाएंगे हर्ष, मांगे पूरी होगी जिनके फरमान से, कर्मचारी देखेंगे सदा उन्हें सम्मान से आदि नारे लगाए। तत्पश्चात बीडीओ को राज्य के मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा।रैली में शामिल शिक्षक संघ संगठन के अधिकारियों ने बताया कि बीते 11 जनवरी को धनबाद में संपन्न राज्य कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में कर्मचारियों के 11 सूत्री ज्वलंत एवं न्यायोचित मांगों की पूर्ति के लिए पांच चरणों में आंदोलन आयोजित किया गया है।आंदोलन का यह दूसरा चरण है।आंदोलन के प्रथम चरण में अभी तक 40,000 से अधिक राज्य कर्मियों ने आंदोलन के समर्थन में अपना हस्ताक्षर करते हुए सरकार से इन मांगों को पूरा करने की मांग की है। इसी निर्णय के आलोक में आज रैली निकालकर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया।

अवसर पर राधेश्याम पंडित,पीयूष कुमार ठाकुर,कौशल किशोर ठाकुर,लोबिन रवानी,मानु एल सोरेन,प्रकाश कुमार भगत,राजाराम कापरी, सुभाष ठाकुर,निर्मल कुमार सिंहपृथ्वी चंद सोरेन,प्रभु शाह,पंकज कुमार सुमन,गिरजा शंकर सिंह,अरुण कुमार,धनेश्वर प्रसाद शाह, अब्दुल अंसारी अर्चना कुमारी निशा सिन्हा,ललित कुमार, उमेश कुमार सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों शिक्षक शामिल थे।

# अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन ने की जिले की अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर महोदय द्वारा जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व थानाध्यक्षों के साथ जनपदीय अपराध एवं कानून- व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक कर दिये गये आवश्यक दिशा- निर्देश ।आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व शांति- व्यवस्था बनाये रखने हेतु सम्बन्धित को किया गया निर्देशित ।

माफियाओं के विरूद्ध की गयी कार्यवाही की जनपदीय पुलिस की प्रशंसा करते हुए अन्य माफियाओं



को चिन्हित कर उनके विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने हेतु किया गया निर्देशित

अपर पुलिस महानिदेशक , द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन्स, ललितपुर में स्थित जीणोर्धार किये गये स्टोर रूम का किया गया उद्घाटन ।

ललितपुर अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन कानपुर, आलोक सिंह के जनपद में भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी केशव कुमार चौधरी व पुलिस अधीक्षक, ललितपुर मो0 मुश्ताक द्वारा उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा सम्मान गार्द द्वारा महोदय को गार्द सलामी दी गयी । तत्पश्चात महोदय, द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन्स, ललितपुर में स्थित जीणोर्धार किये गये स्टोर रूम का उद्घाटन किया गया तथा उसमें रखे हुए उपकरण/सामान आदि का निरीक्षण किया गया ।

# सवैधानिक नियमों का पालन करें सभी अधिकारी- डॉ मान सिंह



चित्रकूट ब्यूरोः उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विधायी समाधिकार समिति के सभापति डॉ मानसिंह यादव ने शुक्रवार को जनपद का दौरा किया। जनपद आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। इस दौरान सभापति की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में बैठक का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभापति ने जिला स्तरीय अधिकारियों को समिति द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का धरातल पर अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा।

बैठक में सभापति डॉ मान सिंह यादव ने अधिकारियों को बताया कि विधायी समाधिकार समिति का उद्देश्य संवैधानिक नियमों का अनुपालन कराना है। कहा कि सभी विभागीय अधिकारी संवैधानिक नियमों के अनुपालन के लिए विभिन्न समितियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों का धरातल पर अनुपालन सुनिश्चित कराएं। विधानसभा एवं विधान परिषद के चयनित जनप्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रस्तावों एवं आवेदनों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण कराते हुए जनप्रतिनिधियों को कार्यवाही से अवगत भी कराएं।

उन्होंने कहा कि निर्माण संबंधी परियोजनाओं की पूर्ति के बाद लोकार्पण के समय शिलापट पर जनप्रतिनिधियों के नाम अनिवार्य रूप से अंकित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। समितियों द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का समस्त जिला स्तरीय अधिकारी अक्षरशः अनुपालन करें। अधिकारियों से कहा कि समितियां लघु सदन के रूप में कार्य करती हैं, जिनका उद्देश्य संविधान में प्रदत्त नियमों का धरातल पर अनुपालन सुनिश्चित कराना है। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों ने सभापति के समक्ष विभिन्न विभागों द्वारा विधानसभा एवं विधान परिषद के जनप्रतिनिधियों द्वारा विगत तीन वर्षों में प्रस्तुत प्रस्तावों व आवेदनों की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि सभापति सहित विधानसभा एवं विधान परिषद सदस्यों द्वारा जो दिशा-निर्देश दिए गए हैं, उसका अनुपालन कराकर विकास कार्यों को शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराया जाएगा।

इस मौके पर विधायी समाधिकार समिति के उप सचिव संजय कुमार अग्रहरि, विधान परिषद सदस्य ओम प्रकाश सिंह, समीक्षा अधिकारी विवेक सिंह, प्रतिवेदक अभय सिंह, अपर निजी सचिव अंकुर रावत, सदर अनिल प्रधान, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला जज ने किया कारागार के लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण

चित्रकूट ब्यूरोः उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्य योजना एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में शुक्रवार को भगवानदीन सिंह पटेल विधि महाविद्यालय रगौली में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही जिला कारागार का निरीक्षण करते हुए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर बंदियों को जागरूक किया।

महाविद्यालय के आयोजित साक्षरता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने उपस्थित विधि के विद्यार्थियों को विधि के समक्ष समता के अधिकार, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 (क) निःशुल्क शिक्षा के अधिकार अधिनियम के बारे में बताया। बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति का गठन कर लोगों को विधिक साक्षरता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर भगवानदीन सिंह पटेल विधि महाविद्यालय रगौली के निदेशक सुशील कुमार सिंह, सेवानिवृत मुख्य प्रशासनिक अधिकारी केशव प्रसाद यादव, अधिकार मित्र डॉ मनोज द्विवेदी, समाजसेवी अभिमन्यु



सिंह, सहायक न्याय रक्षक कुलदीप सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर बन्दियों को प्ली-बारगेनिंग के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की द्वितीय चरण के बैठक के सम्बन्ध में बन्दियों से वार्ता करते हुए द्वितीय चरण की बैठक के लिये चिन्हित किया गया।

इसके अलावा आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने प्रशासनिक अधिकारियों की द्वितीय चरण की बैठक ली। जिसमें जिला जज राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिये बल दिया। साथ ही चिन्हित वादों में कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराने को कहा। इस मौके पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के समन्वयक विष्णूदत्त बादल, श्रम अधिकारी महेन्द्र शुक्ला, खनिज इंस्पेक्टर मंटू कुमार सिंह, उपवनाधिकारी राजीव आर सिंह, उपसंभागीय परिवहन अधिकारी दीप्ती त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## अग्निपीड़ितों ने की भवन निर्माण के लिए आर्थिक मुआवजे की मांग

चित्रकूट ब्यूरोः शासन स्तर से उचित मुआवजा न प्राप्त होने से परेशान अग्निपीड़ितों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन से मुलाकात कर दुखड़ा सुनाया। साथ ही भवन निर्माण के लिए आर्थिक मदद दिलाने की गुहार लगाई।

अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद उत्तर प्रदेश के सम्पर्क प्रमुख राजकुमार ओझा ने शुक्रवार को मानिकपुर तहसील के रैपुरा गांव के निवासी शिवशंकर पयासी, दयाराम व प्रतिमा देवी के साथ जिलाधिकारी से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि बीती 19 मार्च को दोपहर के समय अचानक आग लगने से तीनों लोगों के घर में रखा गृहस्थी का सामान गेहूं, चना, चावल, दाल, सरसो व सोने-चांदी के जेवर जलकर नष्ट हो गए। अब उन लोगों के पास भोजन और कपड़ों तक की समुचित व्यवस्था नहीं है और न ही रहने के लिए घर बचा है। ऐसे में शासन स्तर से मिलने वाली अहेतुक सहायता के अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए आर्थिक मदद दिलाई जाए। जिससे अग्निपीड़ित परिवारों का जीवन यापन हो सके।

## भीम आर्मी ने उत्पीड़न के विरोध में किया प्रदर्शन

चित्रकूट ब्यूरोः भीम आर्मी भारत एकता मिशन व आजाद समाज पार्टी के कार्यकताओं ने शुक्रवार को जनपद के दलितों, शोषितों, उपेक्षितों के ऊपर हो रहे अत्याचार, शोषण व अन्याय के विरुद्ध आवाज बुलंद करते हुए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कर्वी को सौंपा। भीम आर्मी जिला संयोजक संजय कुमार गौतम ने कहा कि जनपद के मानिकपुर रेलवे स्टेशन परिसर में पत्रकार विजय सोनकर के साथ मारपीट करने वाले रेलवे के जातिवादी मानसिकता वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की जाए। कहा कि बरिया गांव में प्रधान पति व ग्राम पंचायत सचिव द्वारा ग्राम पंचायत सदस्यों के साथ गाल-गलौज करते हुए मीटिंग में आने पर जान से मारने की धमकी दिए जाने की रिपोर्ट दर्ज की जाए। इसी प्रकार बरिया गांव में अनुसूचित जाति के महिलाओं के साथ मारपीट करने वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जाए।

# जल शक्ति मंत्री ने किया अटल भूजल योजना के तालाब का निरीक्षण

चित्रकूट ब्यूरोः अटल भूजल योजनांतर्गत लघु सिंचाई विभाग द्वारा संचालित मऊ विकासखंड क्षेत्र के ददरी गांव स्थित दारून बाबा में निमार्णाधीन तालाब का शुक्रवार को प्रदेश के जलशक्ति मंत्री ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तालाब की जल स्तर, जल की गुणवत्ता और अन्य महत्वपूर्ण कारकों की जांच की।

प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने निरीक्षण के दौरान बताया कि इस योजना के तहत जल प्रबंधन और तालाब की स्थिति का मूल्यांकन किया गया है। उन्होंने कहा कि अटल भूजल योजना का मुख्य उद्देश्य भूजल के सतत प्रबंधन को बढ़ावा देना है। साथ ही यह योजना सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करती है और जल प्रबंधन में सुधार के लिए विभिन्न गतिविधियों को शामिल करती है। तालाब निर्माण से क्षेत्र में जल बजट का निर्माण, जल सुरक्षा योजनाओं की तैयारी और जल-कुशल एवं कृषि तकनीकों का उपयोग किया जा सकता है।

उनके द्वारा तालाब का औचक निरीक्षण करके योजना के कार्यान्वयन और प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया। जिसमें तालाब में जल स्तर और जल की गुणवत्ता भी संतोषजनक पाई



गई। मंत्री द्वारा लघु सिंचाई विभाग के द्वारा तालाब में कराए गए कार्य की सराहना करते हुए इसी तरह के और कार्यों के प्रोजेक्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार मिश्रा को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड के समस्त जिलों में यह योजना क्रियाशील है। जिसमें इस योजना के तहत किए गए प्रयासों के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। अटल भूजल योजना के तहत तालाब का निर्माण जल प्रबंधन में सुधार और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस मौके पर सहायक अभियंता सी डी मिश्र, अवर अभियंता राकेश कौशल, गिरीश कुमार, तुलाराम, ईश्वरचंद, अवध नारायण, प्रदीप मौर्य, प्रशांत शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## 13 व 14 अप्रैल को 150 गांवों में होगा स्वास्थ्य जागरूकता एवं उपचार शिविर का आयोजन

चित्रकूट ब्यूरोः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट क्षेत्र के 50 किलोमीटर की परिधि में आने वाले 500 से अधिक गांवों में गरीबी, बेकारी, बीमारी, अशिक्षा को दूर करने के लिए समाज जीवन के सभी पहलुओं पर जनता की पहल एवं पुरुषार्थ को जगाकर सामूहिक प्रयत्न से कार्य कर रहा है।

बताया कि दीनदयाल संस्थान एवं नेशनल मेडिको आगेनाईजेशन द्वारा आगामी 13 व 14 अप्रैल को चित्रकूट क्षेत्र के 150 ग्राम पंचायतों में एक साथ स्वास्थ्य जागरूकता एवं उपचार शिविर आयोजित किया जाना है। इसके लिए उत्तर प्रदेश के बांदा, कानपुर, प्रयागराज मेडिकल कॉलिज व मध्य प्रदेश के सागर, रीवा, सतना, जबलपुर सहित अन्य मेडिकल कॉलिज में अध्ययनरत 400 से भी अधिक विद्यार्थी एवं 100 अध्यापक फैकल्टी स्वास्थ्य जागरूकता व उपचार शिविर संपन्न कराने के लिए चित्रकूट आ रहे हैं। कहा कि यह विद्यार्थी एवं अध्यापक प्रातः शिविर के लिए प्रस्थान करेंगे एवं रात्रि विश्राम ग्राम में ही करेंगे। रात्रि में चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों द्वारा ग्राम वासियों को गोष्ठियों के माध्यम से स्वास्थ्य, स्वच्छता व कुपोषण इत्यादि के बारे में जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य शिविर में निःशुल्क औषधियों का वितरण भी किया जाएगा।

# गांव चलो अभियान की बैठक वार्ड नंबर 4 और 15 गांधीनगर सेक्टर प्रथम और द्वितीय मैं संपन्न हुई

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शनानुसार ग्राम चलो वार्ड चलो अभियान के तहत वार्ड नंबर 4 और 15 गांधीनगर सेक्टर प्रथम और द्वितीय में बूथ बैठक की गई । इस अवसर पर, राधाकृष्ण मन्दिर पर सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ध्रुव राजा एवं प्रवासी नितिन पंथ ने आंगनवाड़ी केंद्र गांधी नगर प्रथम का निरीक्षण किया और पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता के घर बीजेपी का ध्वज लगाया, और बीजेपी के कार्यकताओं का सम्मान किया। इस अवसर पर ध्रुव राजा ने बताया की प्रधानमंत्री आवास योजना हर गरीब को आवास दिलाने में सफल रही है। साथ ही आयुष्मान योजना के तहत 5



लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा के बारे में बताया। कार्यकताओं ने सुकन्या समृद्धि योजना, कौशल विकास योजना और मुद्रा लोन योजना की भी विस्तृत जानकारी दी। नितिन पंथ ने कहा सरकार बड़े पैमाने पर जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। लेकिन ग्रामीण स्तर पर अभी भी कई लोग ऐसे हैं, जिन्हें इन योजनाओं की जानकारी नहीं है। इसलिए पार्टी का प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों तक यह जानकारी पहुंचे और वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

कार्यक्रम प्रभारी जिला मीडिया प्रभारी ध्रुव राजा, प्रवासी नितिन पंथ नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा सेक्टर संयोजक गांधीनगर मनोज पंथ , बूथ अध्यक्ष गण , दयाराम पंथ, प्रदीप पंथ ,दयानंद तिवारी , जगदीश प्रसाद तिवारी ,हरिकिशन साहू सहित बूथ लेवल के सभी पदाधिकारी शामिल रहे।

# सर्व ब्राह्मण विकास परिषद के जिलाध्यक्ष बने अजय तिवारी, नीलू

## युवा प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष बनाये गए नीरज तिवारी, मसौरा

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर सर्व ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक सम्पन्न की गई बैठक में संघटन का विस्तार हेतु सर्वसम्मति से अजय रावत क्षेत्रीय अध्यक्ष की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर अवस्थी की सहमति से ललितपुर जिले में अजय तिवारी,नीलू को जिलाध्यक्ष व युवा जिलाध्यक्ष नीरज तिवारी मसौरा को बनाया गया बैठक में वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे तथा ब्राह्मणों के हित के लिये जो भी कार्य होंगे उसमें अहम भूमिका में अपना योगदान देने की बात कही गई साथ जनपद के कार्यकारणी का विस्तार गांव-गांव तक संघटन में जोड़ने पर बल दिया जायेगा आने वाले समय मे विभिन्न कार्यक्रम हेतु रूप रेखा तय की जायेगी,इस मौके पर, अशोक रावत,गिरजा शंकर द्विवेदी, शिवनारायण नायक जयशंकर प्रसाद द्विवेदी बृजमोहन संध्या रमेश पाठक राजीव बवेले,सप्पू,कुलदीप तिवारी अखिलेश कुमार लिटोरिया, आनंद संज्ञा, श्याम बिहारी कौशिक, अभय तिवारी नीलू, नीरज तिवारी मसौरा, आशीष तिवारी, नीरज तिवारी, अशोक



कुमार रावत, अनिल कुमार रावत, संतोष कुमार मिश्रा, राहुल चौबे, अजय शंकर पांडे ,राम मनोहर पस्तोर, अजय रावत ,रामकिंकर पटेरिया, महेश पटेरिया, सरमन लाल चौबे, भारत रावत, रमाकांत तिवारी, डॉ दीपक चौबे, सुनील पटेरिया, बृजेश चौबे, रमाकांत तिवारी, नीरज दुबे खजुरिया, रामू रिछारिया,राजेश दुबे, एडवोकेट, तिलकराम कौशिक, भोलाशंकर पस्तोर, रितु समाधिया, अंशु तिवारी कविता पस्तोर, आशा कौशिक, उपासना पाठक नीलम दुबे सुमन रावत संगीता गोस्वामी वंदना चौबे प्रेरणा शर्मा समीक्षा मिश्रा मुकेश नायक जयकुमार तिवारी आकांक्षा टोटे,आदि उपस्थित रहे।

अध्यक्षता अशोक रावत ने की व संचालन सुबोध गोस्वमी ने किया। गोस्वमी की सहमति से ललितपुर जिले में अजय तिवारी,नीलू को जिलाध्यक्ष व युवा जिलाध्यक्ष नीरज तिवारी मसौरा को बनाया गया बैठक में वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे तथा ब्राह्मणों के हित के लिये जो भी कार्य होंगे उसमें अहम भूमिका में अपना योगदान देने की बात कही गई साथ जनपद के कार्यकारणी का विस्तार गांव-गांव तक संघटन में जोड़ने पर बल दिया जायेगा आने वाले समय मे विभिन्न कार्यक्रम हेतु रूप रेखा तय की जायेगी,इस मौके पर, अशोक रावत,गिरजा शंकर द्विवेदी, शिवनारायण नायक जयशंकर प्रसाद द्विवेदी बृजमोहन संध्या रमेश पाठक राजीव बवेले,सप्पू,कुलदीप तिवारी अखिलेश कुमार लिटोरिया, आनंद संज्ञा, श्याम बिहारी कौशिक, अजय तिवारी नीलू, नीरज तिवारी मसौरा, आशीष तिवारी, नीरज तिवारी, अशोक कुमार रावत, अनिल कुमार रावत, संतोष कुमार मिश्रा, राहुल चौबे, अजय शंकर पांडे ,राम मनोहर पस्तोर, अजय रावत ,रामकिंकर पटेरिया, महेश पटेरिया, सरमन लाल चौबे, भारत रावत, रमाकांत तिवारी, डॉ दीपक चौबे, सुनील पटेरिया, बृजेश चौबे, रमाकांत तिवारी, नीरज दुबे खजुरिया, रामू रिछारिया,राजेश दुबे, एडवोकेट, तिलकराम कौशिक, भोलाशंकर पस्तोर, रितु समाधिया, अंशु तिवारी कविता पस्तोर, आशा कौशिक, उपासना पाठक नीलम दुबे सुमन रावत संगीता गोस्वामी वंदना चौबे प्रेरणा शर्मा समीक्षा मिश्रा मुकेश नायक जयकुमार तिवारी आकांक्षा टोटे,आदि उपस्थित रहे।

अध्यक्षता अशोक रावत ने की व संचालन सुबोध गोस्वमी ने किया।

### नही थम रहा आहूजा के बयान पर विरोध का सिलसिला

# सयुंक्त संघर्ष समिति ने किया विरोध प्रदर्शन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल !भाजपा से अब निष्कासित हुए नेता ज्ञानदेव आहूजा के दिए गए बयान व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के मंदिर जाने पर मंदिर को गंगाजल से धोने के विरोध में शुक्रवार को अनुसूचित जाति व जनजाति सयुंक्त संघर्ष समिति द्वारा शहर के अम्बेडकर सर्किल पर विरोध प्रकट किया !

इस अवसर पर अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति जिला अध्यक्ष रामबाबू जाटव ,मास्टर सीताराम दादरहेड़ा किशनलाल पार्षद, बाबूलाल बंधु,जिलाध्यक्ष एससी,एसटी,ओबीसी अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष बाबूलाल मीणा ,दुलीचंद मेघवाल



अध्यक्ष मेघवाल विकास समिति मुंडावर,सुरेश बाबू बाल्मीकि खैरथल,वीरसिंह धानका जिलाध्यक्ष धानका समाज नंगली ओझा,

श्यामलाल प्रदेशाध्यक्ष दलित उत्थान समिति नांगल बावला,मदन लाल जाटव अध्यक्ष जाटव समाज सोढ़ा की ढाणी, विजय वंदन अध्यक्ष सुभाष नगर खैरथल,गंगाराम दांतला,अशोक रसगोन सरपंच प्रतिनिधि खेड़ला, प्रहलाद पंच रसगण, बनवारी लाल आर्य जिलाअध्यक्ष मेघवाल विकास समिति खैरथल,श्यामलाल उपाध्यक्ष मेघवाल विकास समिति रायपुर मेवान, भगवान दास ठेकेदार नूरनगर,तारा चंद सरपंच रसगण,नेताजी मम्मन राम जिलोता,राजकुमार सिवाना ,हीरालाल रेवड़ियां , कनीराम,गंगादीन,खिल्लू, लल्लू राम, ग्राम पंचायत घाटला ,गिर्राज वकील, लक्ष्मीनारायण प्रदेशाध्यक्ष आई टी सेल राजस्थान,कुलदीप जाटव जिलाध्यक्ष दांतला ,मनोज कुमार पार्षद, मास्टर परतिया राम ,मास्टर मनोहर लाल बदलू राम,लालाराम,पूरण चंद,हरीश कुमार, किशनलाल गोठवाल, हरिचंद,राधेश्याम गोठवाल खैरथल ,सुबेसिंह अध्यक्ष, मेघवाल विकास समिति हरसौली,शेरसिंह कुमपुर ,कामरेड रामचंद्र,राजेंद्र रसगोन और अनुसूचित जाति जनजाति के सभी लोग मौजूद रहे !

# ई. पी. का टैलेंट सर्च एग्जाम 13 अप्रैल को प्रथम चरण से वंचित रहे बच्चों को एक ओर मौका

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथलः इंजीनियर पॉइंट स्कूल खैरथल द्वारा आयोजित टैलेंट सर्च एग्जाम परीक्षा का द्वितीय चरण दिनांक 13 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाला है। इंजीनियर्स पॉइंट निदेशक आजाद चौधरी ने बताया कि कल के टैलेंट सर्च एग्जाम की तैयारी जोर शोर से चल रही है। यदि किसी विद्यार्थी ने यह एग्जाम पूर्व में भी दिया है, तो वह अपनी परसेंटाइल बढ़ा सकता है। जिसमें ज्यादा परसेंटाइल होगी, उसे ही माना जाएगा और बढ़ी हुई परसेंटाइल के आधार पर ही पुरस्कार दिए जाएंगे। यदि किसी विद्यार्थी ने पूर्व में आयोजित टैलेंट सर्च एग्जाम में भाग नहीं लिया है, तो वे भी इस एग्जाम में



भाग ले सकते है। उनके लिए यह सुनहरा अवसर है।

एग्जाम कोर्डिनेटर आचार्य राजेश कुमार ने बताया कि इस सुनहरे अवसर का लाभ प्राप्त कर आप भी लाखों रुपए की नकद ईनाम और स्कॉलरशिप जीत सकते हैं। कक्षा 9 वीं और 11वीं वाणिज्य और कला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 11000 रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 5100 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 3100 का नकद ईमान दिया जाएगा। कक्षा 10 और 11 विज्ञान वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 51000 रुपए का नकद इनाम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 21000 का नकद इनाम और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 11000 का नकद ईमान दिया जाएगा। इनके अलावा अन्य रैंक प्राप्त करने वालों को भी कुछ आकर्षक ईनाम दिए जाएंगे।

साथ ही साथ लाखों रुपए की स्कॉलरशिप भी दी जाएगी। विद्यालय में रिपोर्टिंग करने का समय प्राप्त 8:00 बजे का है और एग्जाम प्राप्त 9:00 बजे से प्रारंभ होगा। इस एग्जाम के लिए खैरथल के आसपास के क्षेत्र से वाहन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

# शिरडी वाले साईं बाबा का मेला आज

खैरथल।शहर में हनुमान पहाड़ी स्थित शिरडी वाले साईं बाबा का मेला 12 अप्रैल को बड़ी धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। साईं परिवार के आयोजनकताओं ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिरडी वाले साईं बाबा का 14 वां स्थापना दिवस दिनांक 12 अप्रैल वार शनिवार को बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया जाएगा। जिसमें प्रातः 10:00 बजे



झंडारोहण, 11:00 बजे साईं बाबा की महा आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा, सांय 6:30 बजे साईं बाबा की महा आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साईं परिवार एवं मायाशंकर पुजारी द्वारा आग्रह किया गया की आप सभी धर्म प्रेमी सज्जनों से अनुरोध है की अधिक से अधिक संख्या में पधारकर साईं बाबा के दर्शन करके प्रसाद ग्रहण करें एवं पुण्य के भागी बने निवेदन साईं परिवार खैरथल।

# बेहरोज के बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव आज

### हर्षोल्लास और उमंग से मनाया जाएगा

खैरथल! हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर बेहरोज में श्री बालाजी मंदिर पर जन्मोत्सव कार्यक्रम शनिवार को बड़े श्रद्धा से मनाया जाएगा! मंदिर सेवादार श्याम सैनी ने बताया कि प्रातः 11:15 से विशाल आम भंडारे का आयोजन होगा रात्रि 8 बजे से बालाजी महाराज का संकीर्तन होगा जिसमें टी सीरीज कलाकार सोनू कौशिक दिल्ली,सुरेश नैनिया सोनीपत,करिश्मा- साक्षी सोनीपत, वजेता सक्सेना अलवर,केशव शर्मा,भूपिंदर सिंह भजन गायक बालाजी महाराज के सुंदर सुंदर भजनों को प्रस्तुति देंगे। प्रातः 5 बजे आरती के पश्चात छप्पन भोग के प्रसाद का वितरण किया जाएगा!

### सैनी मंदिर में मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती

# महात्मा ज्योतिबा फुले के पद चिन्हों पर चलने का आह्वान



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। उदयपुरवाटी कस्बे में घूम चक्कर के पास स्थित सैनी मंदिर समाज सुधार क्रांति के जनक महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी समाज के अध्यक्ष केदारमल सैनी ने की जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद विश्वेश्वर लाल सैनी रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वेश्वर लाल सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले के पद चिन्हों चलने का आह्वान किया। एडवोकेट श्रवन सैनी ने ज्योतिबा फुले का जीवन वृतांत प्रस्तुत किया।

इस दौरान महामंत्री बनवारी लाल सैनी, पूर्व पार्षद शिम्भू शंभू दयाल सैनी, किसान नेता धनाराम सैनी, भोलू राम सैनी, नरेश सैनी, रामनिवास सैनी ,भगवान राम सहित कई लोग मौजूद रहे।

# महात्मा फुले को याद कर पुष्पांजलि अर्पित की

खैरथल! खैरथल शहर मे जिला महासभा सैनी समाज द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती धूमधाम के साथ मनाया गयी।

कार्यक्रम की शुरूआत क्रांति ज्योति महात्मा ज्योतिराव फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्वलित उपरांत विचारगोष्ठी का कार्यक्रम किया गया !

महासभा अध्यक्ष तेजराम सैनी के नेतृत्व में समाज के प्रबुद्धजनों ने विचारों द्वारा समाज में नई ऊर्जा संचारित करने की दिशा में विचार प्रस्तुत किए। महासभा अध्यक्ष द्वारा अपने वक्तव्य में समाज को संगठित रहने और समाजोत्थान के लिए महात्मा फुले के विचारों और समर्पण को प्रेरणा लेकर समाज को अग्रिम पंक्ति में पर ले जाने की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही आगामी वर्ष महात्मा फुले



जयंती को बड़े पैमाने पर मनाने एवं जन जागरुकता फैलाने की दिशा में विचारा विमर्श किया गया। मंच संचालन कर रहे इंजीनियर तेजपाल सैनी एवं मास्टर इंदर सिंह दहिया ने भी महात्मा फुले के जीवन चरित्र को अपने शब्दों में परिभाषित किया आगामी 13 अप्रैल को आल इंडिया सैनी सेवा समाज की आम बैठक जो कि गुड़गांव में होने वाली है उसका आमंत्रण पत्र भी जिला महासभा अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों को दिया गया ।

कार्यक्रम में शेरसिंह सैनी ने महात्मा फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतवर्ष में अभी तक सिर्फ तीन महान पुरुषों को महात्मा की संज्ञा दी गई है पहले महात्मा बुध दूसरे, महात्मा ज्योतिराव फुले और तीसरे महात्मा गांधी। हरिओम सैनी, एडवोकेट उमेश सैनी, कैप्टन श्योनारायण सैनी, राजेश सैनी ने भी महात्मा फुले के विचारों पर अपना मंतव्य प्रस्तुत किया जो कि सराहनीय रहा ।कार्यक्रम का समापन सैनी समाज अध्यक्ष देवकीनंदन सैनी द्वारा आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित कर किया गया।इस मौके पर महादेव सैनी,बुधराम सैनी,हीरालाल सैनी,गिर्राज सैनी,ओम प्रकाश सैनी,गणपत राम सैनी,लोकेश सैनी,मुकेश सैनी,खिल्लूराम सैनी, यादराम सैनी,बाला सैनी, लालजी राम सैनी एवं समाज के प्रबुद्धजन मौजूद रहे ।

मीडिया प्रभारी प्रेम सैनी ने बताया कि गौरवपथ स्थित ज्योतिराव फुले चौक पर सैनी समाज खैरथल के अध्यक्ष के कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

# विधायक सुभाष त्रिपाठी ने अंगवस्त्र देकर पार्टी कार्यकताओं को किया सम्मानित

बहराइच। विधानसभा पयागपुर के बिशेश्वरगंज भाजपा कार्यालय पर शुक्रवार को विशाल सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कृष्णा पेट्रोलियम के निकट स्थित भाजपा कार्यालय परिसर में हुए इस आयोजन में पयागपुर विधानसभा के सभी मंडलों से सैकड़ों की संख्या में सक्रिय भाजपा कार्यकताओं ने भाग लिया।

सम्मेलन में मंडल अध्यक्षों के साथ-साथ सभी सेक्टर व बूथ अध्यक्ष एवं प्रभारियों की भी प्रभावशाली उपस्थिति रही। कार्यक्रम तीन सत्रों में सम्पन्न हुआ। जिसमें संगठनात्मक मजबूती, कार्यकताओं की भूमिका और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जो बिना थके, बिना रुके संगठन को मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी कार्यकताओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और उनके समर्पण की सराहना की। सदर विधायक बलरामपुर पल्टू राम ने कि भाजपा की पहचान उसकी नीतियों और जमीनी कार्यों से है, जिसे कार्यकर्ता जन-जन तक पहुँचाने का काम करते हैं। उन्होंने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और योगदान पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब का समरसता, सामाजिक न्याय और संविधान निर्माण में जो योगदान है, वह आज भी देश के लिए मार्गदर्शक है। भाजपा उनके विचारों को आत्मसात कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का कार्य कर रही है।जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने संबोधित करते हुए केंद्र सरकार के 11 वर्षों और राज्य सरकार के 8 वर्षों के सफल कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग के उत्थान के लिए ईमानदारी से कार्य किया है, जिसका लाभ अब समाज के सभी तबकों को मिल रहा है। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता निशंक त्रिपाठी ब्लाक प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह,डॉ महेंद्र पाठक, जिला पंचायत सदस्य ललिता चक्रवर्ती, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सच्चिदानंद पाठक, कमलेश सिंह,सत्य प्रकाश सिंह सत्या जिला प्रतिनिधि राज कुमार शुक्ल,दिहलदास मिश्र,मण्डल अध्यक्ष, संतोष गौतम,विष्णु दयाल चौहान, प्रमोद पांडेय, रामनिवास निषाद,दुर्गेश सिंह अनिल सिंह बंशी लाल? साहू,पीडी सिंह दीनानाथ मिश्र,सूबेदार मिश्र समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सम्मेलन का संचालन आनंद पांडेय ने व अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने की।

# महापौर पर आरोप लगाने बाली महिला , वार्डबाय, झोलाछाप डॉक्टर गिरफ्तार

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली । महापौर डॉक्टर उमेश गौतम और उनके बेटे को फसाने के लिए एक बड़ा षड्यंत्र रचने बाली महिला और जिला अस्पताल के वार्ड बाय और सीने में तमंचा की गोली शिप्ट करने वाला झोलाछाप डॉक्टर तीनों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल।

प्रेस वार्ता के दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया महिला ने सन 2022 में झूठा एक मुकदमा दर्ज कराया उस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई थी महिला सोनू उर्फ शमोली कौशिक ने जिला अस्पताल के वार्ड बाय रोहताश से मिलकर एक षड्यंत्र रचा रोहताश ने कहा कि तुम एक तमंचा की गोली लगने और बलात्कार का आरोप लगाओ तभी यह सभी फंस जाएंगे में तुम्हारी मदद कर दूंगा इन लोगों पर पुलिस कार्रवाई कर देगी रोहताश ने 10 हजार रुपए में तमंचा की चली हुई गोली लाकर दी बोला किसी डॉक्टर से तुम गोली लगवा लेना में तुम्हारी मेडिकल में मदद कर दूंगा । महिला ने दस हजार रुपए रोहतास को दिए रोहतास ने तमंचा की चली हुई गोली लाकर दी महिला ने उस गोली को लेकर संजय नगर क्षेत्र में डॉक्टर शराफत खा के क्लिनिक पहुंची उसने 25 सो रुपए लिए डॉक्टर ने सीने में चीरा लगाकर तमंचा की गोली सीने में डाल दी उसके बाद में गांधी उद्यान पहुंची बहा पर गोली लगने और बलात्कार करने का आरोप लगाकर ड्रामा किया पुलिस ने कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी फोटेज से जांच की और पूछताछ में पता चला महिला ने गोली लगने का षड्यंत्र रचा पुलिस ने तीनों को जेल भेजा। इसके अलावा षड्यंत्र में इसके परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा मदद करना पाई गई है जिनकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अमित पांडेय , एसओजी प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह धामा, वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरेश चन्द्र मौजूद थे।

# तीन बहनें हुईं गायब, पुलिस ने दो को किया बरामद

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। उत्तर प्रदेश के जिला बरेली की पुलिस ने लापता तीन बहनों में से दो को खोज लिया है जबकि एक की तलाश जारी है। ये तीनों बहने गुरुवार को घर से स्कूल के लिए निकली थीं। स्कूल से अपना रिजल्ट लेकर घर नहीं पहुंची और गायब हो गईं। घरवालों के काफी तलाशने के बाद जब कोई खबर नहीं लगी तो पीड़ित परिवार ने अलीगंज पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। आनन-फानन में बरेली पुलिस के अधिकारियों ने छह टीमें गठित करके छात्राओं की तलाश शुरू की और आज शुक्रवार को तीन में से दो बहनें बरामद हो गईं हैं। बरेली की एसपी अंशिका वर्मा ने दो छात्राओं के बरामद होने की जानकारी दी है। करीब 15-17 घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस को दो बहनें मिल गईं हैं। एसपी अंशिका वर्मा ने कहा कि एक छात्रा जो अभी भी गायब है-जल्द उसे भी तलाश लिया जाएगा। बरेली पुलिस के इस केस को सॉल्व करने और छात्राओं को सकुशल बरामद करने से न सिर्फ परिवार वालों के जान में जान आई है। बल्कि आम लोग भी पुलिस की सराहना कर रहे हैं।

# रोहिलखंड विश्वविद्यालय में महात्माज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती मनाई गई

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली पांचाल संग्रहालय स्थित पांचाल प्रेक्षागृह में महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती कुलपति प्रोफेसर के .पी. सिंह जी की अध्यक्षता में मनाई गई तथा महात्मा ज्योतिबा फुले का राष्ट्र निर्माण में योगदान विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महात्मा ज्योतिबा फुले जी के छाया चित्र पर इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष व माननीय विधायक प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल व कुलसचिव आदि विभिन्न विद्वतजनों द्वारा पुष्प सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर नागेंद्र कुमार, शिक्षा संकाय बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी थे। प्रोफेसर कुमार ने अपने व्याख्यान में महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा राष्ट्र व समाज निर्माण में किए गए योगदान पर प्रकाश डाला और बताया कि 18वीं शताब्दी में महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज उत्थान में शिक्षा को मुख्य आधार माना और महिला शिक्षा के लिए अथक प्रयास किए तथा कई विद्यालय खोले।

महात्मा फुले ने सामाजिक बदलाव के लिए मानवता पर बल दिया। फुले के विचार हमेशा समाज के लिए एक पथप्रदर्शक की भूमिका का निर्वाह करेंगे तथा फुले द्वारा प्रतिपादित मानव धर्म ही वर्तमान में सर्वोपरि धर्म है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री संजीव कुमार सिंह ने भी महात्मा ज्योतिबा फुले के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संतोष अरोड़ा ने अपने सारगर्भित व्याख्यान में बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले की समावेशन शिक्षा नीति को वर्तमान समय में अपनाने की आवश्यकता है। महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती का कार्यक्रम महात्मा ज्योतिबा फुले शोध पीठ के समन्वयक डॉ. सुरेश कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन एम.एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा समीक्षा श्रीवास्तव ने किया तथा तथा विधि विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉक्टर कामिनी विश्वकर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### साहिबगंज, पाकुड़ एवं गोड्डा को सीएम ने दी बड़ी सौगात

# किया उद्घाटन- शिलान्यास समेत परिसम्पत्ति का वितरण, राजमहल में गंगा नदी पर होगा ब्रिज का निर्माण

**एनपीटी ब्यूरो**

साहिबगंज जिले के बरहेट स्थित भोगनाडीह में आयोजित अमर शहीद सिद्धो- कान्हू मुर्मू जयंती के शुभ अवसर पर योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास एवं परिसम्पतियों का वितरण समारोह के बतौर मुख्यातिथि झारखण्ड सीएम हेमन्त सोरेन ने ससमयवधि में ही अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। कार्यक्रम में साहेबगंज, पाकुड़ व गोड्डा के आलाधिकारियों समेत अन्य सहित झामुमो के वरीय पदाधिकारीगणों सह-कार्यकताओं व आम-जनों ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। सीएम हेमन्त सोरेन एवं उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन समेत सांसद विजय हसदा, विधायक हेमलाल मुर्मू व विधायक एमटी राजा अन्य के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही उनकी जोरदार तरीके से परांपरागत आदिवासी रिति-रिवाज से स्वागत किया गया। वही कार्यक्रम की शुरूआत सीएम हेमन्त सोरेन, सांसद विजय हसदा एवं विधायकगणों ने दीप प्रज्वलित कर किया। सीएम हेमन्त सोरेन कार्यक्रम में पहुंचने से पहले अमर शहीद सिद्धो-कान्हू मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वही विधायक हेमलाल मुर्मू एवं सांसद विजय हसदा ने सरकार की विकास कार्यों का ध्यानाकर्षण किया। सांसद विजय हसदा ने कहा कि साहेबगंज जिले की सार्वांगीण विकास में झारखण्ड सरकार मेडिकल कॉलेज, यूनिवर्सिटी, इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित करने समेत राजमहल ब्रिज की निर्माण की आवश्यक पहल कर दी है। जो आने वाले 5 वर्षों के दौरान निश्चित रूप से



धरातल पर दिखेगा। वही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने आदिवासी- मूलवासी के हक और अधिकारों के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है। वीर शहीदों ने अपने प्राण त्याग कर जल- जंगल- जमीन को बचाने का कार्य किया है। आज हमारी सरकार वीर शहीदों के आश्रितों को चिन्हित कर पूरा मान- सम्मान और अधिकार दे रही है। राज्य के आदिवासी, दलित और पिछड़ों को आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से मजबूती प्रदान की जा रही है। परन्तु आज भी हमारे सामने कई चुनौतियां हैं। जहां आदिवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग दशकों से हाशिये पर रहे हैं। आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, बौद्धिक और राजनीतिक रूप से कमजोर होने की वजह से इन्हें हमेशा नजरअंदाज किया जाता रहा है। लेकिन हमारी सरकार इन्हें प्रत्येक दिशा से मजबूती प्रदान करने हेतु प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है। राज्य के गरीब, मजदूर, किसान और पिछड़ों को सशक्त बनाने हेतु सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार 'अबुआ' सरकार है। वर्ष 2019 में सरकार गठन के बाद हमारी सरकार राज्य के गरीब, मजदूर, किसान और पिछड़ों को सशक्त बनाने का निरन्तर कार्य कर रही है। राज्य के इतिहास में यह पहली बार हुआ है, जहां राज्य के सरकारी कर्मचारी आपके पंचायत- पंचायत जाकर आपकी समस्याओं के समाधान हेतु आपके द्वार तक पहुंचा है। पूर्व के दिनों में बूढ़े - बुजुर्ग को पेंशन या राशन कार्ड बनवाने हेतु अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था। आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। परन्तु आज राज्य के बूढ़े - बुजुर्ग और विधवाओं को अंचल कार्यालय का चक्कर लगाए बिना ससमय पेंशन मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शैक्षणिक क्षेत्र में राज्य के गरीब बच्चे उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षा हासिल कर रहे है। किसान, मजदूर एवं गरीब तबके के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में राज्य के 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न पर चलाया जा रहा है। उत्कृष्ट विद्यालय में एडमिशन हेतु आज लंबी लाइन लगानी पड़ती है। प्रवेश परीक्षा में हजारों की संख्या में बच्चे शामिल हो रहे हैं। इसके अलावे हमारी सरकार आज मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ओवरसीज स्कॉलरशिप 2025 के माध्यम से प्रति वर्ष कुल 25 छात्रों को आगे की शिक्षा प्राप्त करने हेतु छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है। शिक्षा प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने की दिशा में निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं।

और अब सरकार पच्चीस के बजाय पचास स्टूडेंट्स को विदेश भेजने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री ने साहिबगंज, पाकुड़ एवं गोड्डा जिले को सौगात भी दिया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इस अवसर पर 43785.760 लाख रुपए की करीब 507 योजनाओं का उद्घाटन - शिलान्यास किया।

इसमें 21399.318 लाख रुपए की 361 योजनाओं का उद्घाटन और 22386.442 लाख रुपए की 147 योजनाओं की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने लगभग 314279 लाभुकों के बीच 13092.426 लाख रुपए की परिसम्पत्तियां एवं लाभुकों को नियुक्ति पत्र प्रदान की। इस अवसर पर सांसद विजय कुमार हांसदा, विधायक हेमलाल मुर्मू , विधायक कल्पना सोरेन, विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन, विधायक धनंजय सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, आयुक्त संथाल परगना प्रमंडल लालचंद डाडेल, पुलिस महानिरिक्षक क्रांति कुमार गाडिदेशी और साहिबगंज, पाकुड़ एवं गोड्डा जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत कई पदाधिकारी एवं झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के वरिय पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# झारखण्ड को मिलेंगे तीन नये आईपीएस, यूपीएससी सिविल सर्विस एग्जाम 2023 में सेलेक्ट हुए 200 आईपीएस अभ्यर्थियों को किया कैडर अलॉट

**एनपीटी ब्यूरो**




झारखण्ड को यूपीएससी सिविल सर्विस एग्जाम (UPSC Civil Service ExÔm 2023) से 3 नये IPS आईपीएस मिलेंगे। वढरउ यूपीएससी सिविल सर्विस एग्जाम 2023 में सेलेक्ट हुए 200 क्ढर आईपीएस अभ्यर्थियों को कैडर अलॉट कर दिया गया है। झारखण्ड को इस बैच से तीन नये आईएएस मिलेंगे। जिसमें से एक को होम कैडर मिला है। ऑल इंडिया 617 रैंक अंकित सिन्हा को होम कैडर झारखण्ड मिला है। जबकि ऑल इंडिया 89 रैंक बिहार की साक्षी जमुआर को झारखण्ड कैडर मिला है। साथ ही 611 रैंक तमिलनाडू के राजकुमार जयाराजू को झारखण्ड कैडर मिला है। वही झारखण्ड के 92 रैंक प्रखर कुमार गुजरात कैडर आवंटित हुआ है। इस बार बिहार को रिकार्ड 15 आईपीएस मिले हैं। जिसमें से 5 को होम कैडर ( अपने गृह प्रदेश में) मिला है। बिहार कैडर की बात करे तो 184 रैंक बिहार की दीप्ति मोनल को होम कैडर बिहार, 188 रैंक बिहार के सायेम रजा को बिहार, 223 रैंक हरियाणा के शुभम को बिहार कैडर, 226 रैंक दिल्ली के अनिकेत कुमार द्विवेदी को बिहार, 229 रैंक राजस्थान के विजय राघव गोयल को बिहार, 374 रैंक बिहार के तबिश हसन को बिहार, 499 रैंक बिहार के नवनीत आनंद को बिहार, 579 रैंक तमिलनाडू के कार्तिकियन एके को बिहार, 588 रैंक राजस्थान के कोशिन्दर को बिहार, 605 रैंक केरला के सुब्बूराज जी को बिहार आवंटित किया। साथ ही 608 रैंक तमिलनाडू के प्रशांत कुमार एमवी को बिहार, 609 रैंक राजस्थान के हेमंत सिंह को बिहार, 610 रैंक महाराष्ट्र के केतन अशोक को बिहार, 693 रैंक बिहार के अभिनव अशोक को बिहार, 824 रैंक हिमाचल प्रदेश के विनय कुमार को बिहार मिला है। जबकि बिहार के रहने वाले चार अभ्यर्थियों को दूसरे राज्य का कैडर मिला है।

501 रैंक बिहार के अमित कुमार को मध्यप्रदेश, 601 रैंक बिहार के संदीप कुमार को तमिलनाडू, 612 रैंक बिहार के राजहंस सिंह को उत्तराखंड, 615 रैंक बिहार के मानस उत्पल को नागालैंड कैडर मिला है।

# हर्षोल्लास से रेलवे स्टेशन महावीर मंदिर में मनाया जायेगा हनुमान जयंती

**एनपीटी ब्यूरो**



पाकुड़ (झा०खं०), भगवान हनुमान की जन्मोत्सव को पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर स्थित संकट मोचन महावीर मंदिर में धूमधाम से मनाया जायेगा। शक्ति, भक्ति और सेवा के प्रत्येक बाबा बजरंगबली के जन्मोत्सव 12 अप्रैल को संध्या 6:00 बजे उनकी विशेष पूजा अर्चना होगी। सामाजिक कार्यकर्ता हिसाबी राय ने साझा करते हुए बताया कि हनुमान जन्मोत्सव का सनातन धर्म में खास महत्व है।भगवान हनुमान को मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का परम भक्त माना जाता है। यह दिन भक्तों को उनकी शक्ति,भक्ति और निस्वार्थ सेवा के गुणों का प्रतीक है।इस दिन पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर स्थित संकट मोचन महावीर मंदिर में संध्या प्रहर पूजा अर्चना आरती,सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ,प्रसाद का वितरण एवं भजन कीर्तन का आयोजन मोनी व्यासजी एवं सहयोगियों के द्वारा किया जायेगा।

# डीसी ने की कीटनाशी छिड़काव सम्बन्धित क्रियान्वयन की समीक्षा

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), डीसी ने कालाजार कीटनाशी छिड़काव के सफल क्रियान्वयन को लेकर वीसी के माध्यम से सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी, सी०एच०ओ, एम०टी०एस, एम०पी०डब्लू के साथ समीक्षात्मक बैठक की। उपायुक्त मनीष कुमार ने कालाजार उन्मूलन हेतु किए जा रहे कीटनाशी छिड़काव के सफल क्रियान्वयन को लेकर समीक्षात्मक बैठक किया। बैठक में उपायुक्त ने कीटनाशी छिड़काव को गंभीरता से मॉनिटरिंग करने का निर्देश सम्बन्धित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया।कालाजार अति प्रभावित 52 गांव में उमदा तरीके से छिड़काव कार्य कराने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी पीआरआई मेंबर एवं पीडीएस डीलर के साथ बैठक कर बताये की छिड़काव के दिन शत प्रतिशत छिड़काव कराने में स्वास्थ्य कर्मियों एवं छिड़काव कर्मियो की मदद करेंगे। पीकेडीएल मरीज एक भी न छूटे उनको खोज कर संपूर्ण ईलाज करना सुनिश्चित करे। मौके पर सिविल सर्जन डॉ० मंटू कुमार टेकरीवाल, डीएमओ डॉ अमित कुमार अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त, पाकुड़ मनीष कुमार के निर्देश पर की जा रही है चापानलों को दुरुस्त

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त, पाकुड़ मनीष कुमार के निदेर्शानुसार गर्मी में पेयजल की समस्या को देखते हुए इसके निराकरण हेतु जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में खराब पड़े चापानलों की मरम्मति लगातार हर दिन कराई जा रही है। जिस कड़ी में 10 अप्रैल 2025 को पाकुड़ प्रखंड में करीब 07, लिट्टीपाड़ा प्रखंड में 03, महेशपुर प्रखंड में 08, पाकुड़िया प्रखंड में 04 चापानल एवं 12 जलमीनार की मरम्मती की गई। 01 अप्रेल 2025 से अबतक जिला में लगभग 183 चापानल एवं 12 जलमीनार को ठीक किया गया है।

## दिन दहाड़े कार में बैठे बच्चा को लेकर भागने का प्रयास असफल

# सूचना पर पहुंचते ही किया पुलिस के हवाले

**एनपीटी ब्यूरो**



धनबाद (झा०खं०), धनबाद में इन दिनों अपराधियों का मनोबल सातवे आसमान में है। दिनदहाड़े बाइकर्स चैन स्नैचर गिरोह लूट छिनतई की घटना को अंजाम दे ही रहा है। वही अब शहर में बच्चा चोर भी सक्रिय हो गया है। धनबाद सदर थाना क्षेत्र के पुलिस लाईन रोड आईएसएम के पास कार में बैठे मासूम को बच्चा चोर भगाने के फिराक में था। लेकिन बच्चा चोर लोगो के हत्थे चढ़ गया। बच्चा चोर को लोग पकड़ जमकर लात घुसे से धुनाई पिटाई कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस गुस्साये भीड़ से बच्चा चोर को मुक्त कर अपने साथ थाना ले आये और पुलिस जांच में जुट गई। बताया जा रहा है कि मटकुरिया निवासी एक महिला अंकिता कार से अपने बच्चे को स्कूल से लेकर घर लौट रही थी। तभी क्रट आईएसएम के पास एक गैस चूल्हा रिपेयरिंग शॉप पर रुकी। कार ड्राइव कर रहे उनके देवर भी गाड़ी से उतरकर दुकान पहुंच गये। बच्चा कार के बाहर था। जबकि कार के अन्दर बच्चे की दादी बैठी हुईं थी। महिला का कहना है कि वह दुकान में थी उनका बेटा भी कार के बाहर ही था, फिर वह गाड़ी के अन्दर चला गया, तभी एक युवक आया और अचानक से गाड़ी की ड्राविंग सीट पर बैठ गया और हैंड ब्रेक हटाकर कार को भगाने की कोशिश करने लगा। पीछे बैठी उनकी सास युवक को पीटने लगी, हो हल्ला होने के बाद लोग पहुंच गये। स्थानीय लोगों ने आरोपी युवक की जमकर पिटाई की।जबतक पुलिस नहीं पहुंची लोग आरोपी को पीटते ही रहे। सुचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच युवक को हिरासत में लेकर धनबाद थाना लायी, जहां आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# भाजपा के ताला मरांडी ने थामा झामुमो का दामन



**एनपीटी ब्यूरो**

साहेबगंज जिले के भोगनाडीह की वीर बलिदानी भूमि में अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू मुर्मू जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और परिसम्पत्ति वितरण कार्यक्रम में शामिल हुआ। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विकास कार्यों समेत जनकल्याणकारी योजनाओं की वास्तविकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन उपरांत राजमहल संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी रहे ताला मरांडी ने भाजपा को त्यागकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के समक्ष झामुमो में शामिल हो गये। साथ ही पाकुड़ राजबाड़ी के प्रतिभा पांडेय भी मुख्यमंत्र हेमन्त सोरेन के समक्ष झामुमो का दामन थामा। वही हेमन्त सोरेन ने ताला मरांडी एवं प्रतिभा पांडेय को पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान राजमहल संसदीय क्षेत्र के सांसद विजय कुमार हांसदा , गंडे विधायक कल्पना सोरेन, विधायक हेमलाल मुर्मू, विधायक एमटी राजा, विधायक धनंजय सोरेन, विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, पाकुड़ जिला अध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम, उपाध्यक्ष समद अली, पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम यादव सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# झारखंड राज्य किसान सभा का धरना-प्रदर्शन प्रखंड कार्यालय पर

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



गोड्डाः झारखंड राज्य किसान सभा प्रखंड कमिटी गोड्डा द्वारा धरना-प्रदर्शन के माध्यम से आम जनता की समस्याओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी चौदह सूत्री मांग पत्र सौंपा।

भू माफिया के द्वारा गरीबों का जमीन लुटना बंद करों,भू माफियाओं के द्वारा लुटा जमीन गरीबों को वापस करने सहित मैया योजना सम्मान योजना के तहत रोका गया रुपया भुक्तान करो, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में लुट - खसोट बन्द करने सहित मांग पत्र सौंपा। वहीं पार्टी सचिव कामरेड अशोक साह ने कहा हेमंत सोरेन की महागठबंधन की सरकार की नीति और सिद्धांत दोनों बदल गई। झारखंड के गरीब जनता को समझना होगा कि आप कब तक ठकाते रहोगे हेमंत सोरेन की सरकार में पदाधिकारी वेलाम हो गया है। यहां के पदाधिकारी सिर्फ अडानी अम्बानी के फिराक में रहते हैं। यहां की गरीब जनता दर दर भटक रही है ना इस सरकार में मंत्री और विधायक मुखौटा बना हुआ है। आज गरीब किसानों को किसाननीधि का रुपया नहीं मिलता ना इंदिरा आवास, वृद्धा पेंशन हो या फिर किसी भी प्रकार का लाभ गरीब किसानों को नहीं मिल रही हैं, प्रखंडों में बिचौलिया हावी है।जिसका नेतृत्व किसान सभा सचिव अशोक साह ने किया तथा अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दशरथ मंडल ने किया। उक्त कार्यक्रम में पंकज कुमार झा, रघुवीर मंडल किसान नेता, राम प्रवेश साह,चतुरी यादव, सुबोध हेमब्रम आदि दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता महिला व पुरूष उपिस्थति थे।

# डीसी ने प्रखण्ड टीम से विकास कार्यों का ऑनलाइन किया समीक्षा

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), बीते गुरुवार देर शाम को उपायुक्त मनीष कुमार ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी बीडीओ, बीपीओ, बीपीआरओ, बीसी, अभियंताओं के साथ योजनाओं के विभिन्न मापदंडों पर समीक्षा किया। उपायुक्त ने मनरेगा के तहत चल रहे गड्ढा कोड़ो महाअभियान के बारे में जानकारी ली गई तथा इसमें एक सप्ताह के अंदर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि गड्ढा कोड़ो के बाद योजनाओं में ट्रेंच कटिंग का कार्य प्रारंभ करायें। यह वर्षा जल संचयन का एक महत्वपूर्ण श्रोत बन सकता है। सभी अभियंताओं को क्षेत्र भ्रमण सुनिश्चित करते हुए प्राक्कलन अनुरूप गड्ढा खुदाई, ट्रेंच कटिंग एवं सूचनापट्ट सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने कहा कि अभियंताओं का यह मूल कार्य है कि वे सेक्योर से तकनीकी स्वीकृति के पश्चात सभी योजनाओं का ले-आउट कराते हुए तकनीकी सहयोग प्रदान करें। बिरसा हरित ग्राम योजना में अमड़ापाड़ा, हिरणपुर एवं महेशपुर प्रखंड को लक्षित योजना स्वीकृति में 1500 एकड़ में अपने प्रखंड के लक्ष्य को तीन दिनों में प्राप्त करने का निर्देश दिया, जिसकी पुनः समीक्षा सोमवार को की जायेगी। उपायुक्त ने सभी अबुआ आवास में मजदूरी भुगतान हेतु मस्टर रोल निर्गत करने का निर्देश सभी बीपीओ को दिया साथ ही एबीपीएस शत प्रतिशत कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो भी रोजगार सेवक अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही करते हैं उसपर एक्शन लें। पोटो हो खेल मैदान योजना में कार्य कराते हुए पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा अबुआ आवास, जनमन आवास में अंतिम किस्त का भुगतान कर योजना पूर्ण कराने हेतु दैनिक लक्ष्य सभी प्रखंडों को दिया गया। उपायुक्त ने सभी बीडीओ से कहा कि पानी की समस्या क्षेत्र में न हो इसके लिए दो-तीन चापानल मिस्त्री को प्रखंड में रखें तथा आवश्यकता पड़ने पर पंचायतों में खरीदी गई पाइप देकर मिस्त्री को खराब चापानल ठीक करने हेतु गांवों में भेजें और पीएचइडी के जेई के माध्यम से चापानल मरम्मति का रिपोर्ट लें। उपायुक्त ने 14वें एवं 15वें वित्त की योजना में कार्य पूर्ण कराते हुए राशि व्यय करने का निर्देश सभी बीडीओ को दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री महेश कुमार संथालिया, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य सभी उपस्थित रहे।

# इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय टेक्नो-कल्चर फेस्ट 'उद्धभव 2025' का आगाज

## बॉलीवुड और हॉलीवुड गीतों पर उद्धभव में झूमे छात्र

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**




साहिबाबाद। औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 स्थित इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव टेक्नोकल्चर फेस्ट ₹उद्धभव 2025₹ का उद्घाटन किया गया। दो दिवसीय टेक्नोकल्चर फेस्ट का शुभारंभ चैयरमेन विष्णु शरण,वाइस चैयरमेन पुनीत अग्रवाल,निदेशक प्रोफेसर डॉ अजय कुमार,प्राचार्य डॉ विकास गुप्ता और फेस्ट की संयोजक डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो डॉ मीनाक्षी शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना, गणेश पूजा और विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य की प्रस्तुति से हुआ। इसके बाद छात्रों ने अपनी प्रस्तुति से उद्धभव फेस्ट को नए आयाम पर पहुंचा दिया। संयोजक प्रो डॉ मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि दो दिवसीय टेक्नोकल्चर फेस्ट में छात्र तकनीकी, प्रबंधन, सांस्कृतिक, साहित्यिक, फाइन आर्ट एवं फन एक्टिविटीज सहित करीब 50 विभिन्न इवेंट्स में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिताओं में गाजियाबाद और आसपास के जिलों के 50 से अधिक कॉलेजों के लगभग 500 छात्रों ने भाग लिया। सभी विजेताओं को अंतिम दिन सम्मानित किया जाएगा।

उद्धभव में छात्र-छात्राओं ने सिंगिंग कम्पटीशन में एक से बढ़कर एक बॉलीवुड और हॉलीवुड के नए पुराने गीत म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट के साथ गाए और सभी गायकों ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। इसके बाद राजनीति विषयक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की भूमिकाओं को नाट्य रूपांतरण के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया।

बैटल ऑफ बैंड प्रतियोगिता रहा। जिसमें विभिन्न कॉलेजों से 05 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बैंड्स ने एक से बढ़कर एक परफॉर्मेंस देकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। सभी ने अपने-अपने बैंड बजाकर सुरों की महफिल का जादू बिखेरा, बैंड की धुन पर छात्र-छात्राओं ने घंटों डांस किया। बैंड की धुन में छात्र-छात्राओं ने खूब मस्ती की और बार-बार तालियां बजाकर बैंड का उत्साह भी बढ़ाया।

शाम को फैशन शो में ट्रॉपिकल पैराडाइज, रनवे ऑफ डेस्टिनी, ग्लैमर और एलोरा, बैटल ऑफ हीरोज विलेंस आदि थीमों पर आकर्षक परिधान पहनकर छात्र-छात्राओं ने रैंप वॉक किया। युवाओं ने भी तालियां बजा कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में डीजे नाइट पर छात्र खूब थिरके।

संस्थान मीडिया हेड अजय चौधरी ने बताया कि आज शाम 8:00 बजे पंजाबी सिंगर मनिंदर बुट्टर की लाइव परफॉर्मेंस होगी।

इस दौरान छात्र समन्वयक अस्मिता, हिमांशी, हिमांशु, दिशा, अनुषा, यश, आशना, साक्षी, याशिका, यश, संजीत, निशांत, अंकित, युक्ति, अनन्य, वरुण आदि का विशेष योगदान रहा।

# एमआईटी मेरठ में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग पर पाँच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ₹इंट्रोडक्शन टू इम्प्लीमेंटेशन : मशीन लर्निंग एल्गोरिदम्स उपयोग करते हुए पाइथन₹ विषय पर पाँच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह कार्यशाला 11 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025 तक आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को मशीन लर्निंग के मूल सिद्धांतों से परिचित कराना तथा पाइथन भाषा के माध्यम से एल्गोरिदम के व्यावहारिक प्रयोग की जानकारी प्रदान करना है।

कार्यशाला का शुभारंभ निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) के.एल.ए. खान, अकादमिक डीन प्रोफेसर (डॉ.) गौरव शर्मा तथा विभागाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) एम.आई.एच. अंसारी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) हिमांशु शर्मा तथा फामेर्सी विभाग के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) नीरज कांत शर्मा ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और प्रेरणादायक विचार साझा किए।

कार्यशाला के प्रथम दिन कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक वरुण कुमार ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सिद्धांतों, मशीन लर्निंग की प्रक्रिया तथा पाइथन भाषा में प्रयुक्त प्रमुख पुस्तकालयों जैसे नम्पाय, पांडा और साइकिट-लर्न के प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी। प्रतिभागियों ने डेटा पूर्व-संसाधन, मॉडल निर्माण, प्रशिक्षण और मूल्यांकन की प्रक्रियाओं को व्यावहारिक रूप में सीखा।

इस कार्यशाला के संयोजक कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के सह-प्राध्यापक डॉ. हिमांशु सिरोही और सहायक प्राध्यापक वरुण कुमार हैं। कार्यशाला के पहले दिन ५० से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। संचालन का दायित्व लेखिका प्रकाश ने कुशलता से निभाया।

कार्यशाला को सफल बनाने में प्रोफेसर (डॉ.) सुनीत शुक्ला, प्रोफेसर (डॉ.) प्रवीण कुमार, प्रोफेसर (डॉ.) मोहम्मद सादिम, प्रेम किशोर गौतम, अमोल शर्मा, आयुष सिंघल, आजाद कुमार तथा सृष्टि अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। यह कार्यशाला आने वाले दिनों में मशीन लर्निंग के उन्नत पक्षों पर केंद्रित सत्रों के साथ जारी रहेगी।

# अंबेडकर जयंती के पावन पर्व पर स्वाभिमान स्वमान समारोह

**एनपीटी ब्यूरो**



**गाजियाबाद।** बृहस्पतिवार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव जी के निदेर्शानुसार अंबेडकर जयंती के पावन पर्व पर स्वाभिमान स्वमान समारोह राजवीर सिंह गौतम जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी (अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ) के नेतृत्व में स्थान पी 239 विजयनगर प्रताप विहार गाजियाबाद समय शाम 7:00 बजे प्रारंभ किया गया। इसमें मुख्य अतिथि रूप में समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष एडवोकेट वीरेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में विशाल वर्मा पूर्व प्रत्याशी विधानसभा गाजियाबाद , दिनेश गुर्जर लोनी विधानसभा अध्यक्ष ,सौदान गुर्जर जिला सचिव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदनपाल गौतम एवं संचालन राजन कश्यप महानगर महासचिव ने किया ।इस अवसर पर विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने कहा की पी.डी.ए समाज को एकजुट होकर बाबा साहब की देन और धरोहर संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए पी.डी.ए आंदोलन को एक नई ऊर्जा और ताकत प्रदान करनी होगी। क्योंकि संविधान ही संजीवनी है, संविधान ही हमारी ढाल है। जब तक संविधान सुरक्षित रहेगा ।तब तक हम सब का मान- सम्मान और स्वाभिमान सुरक्षित रहेगा। स्वमान के तहत हम सभी को अपने सौहार्दपूर्ण, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक मुल्यों के साथ अपनी स्वयं एकता के मूल्य को समझ कर इस पी .डी.ए समाज की एकजुटता शक्ति का मान बढ़ाना है।

समाजवादी पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह गौतम ने अपने वक्तव्य में संविधान बचाओ और भाईचारा बढ़ाओ। इसके लिए पी.डी.ए समाज को मजबूती के साथ आगे आना होगा। समाज में जागरूकता लानी होगी अन्याय और शोषण के खिलाफ मिलकर संघर्ष करना होगा तभी हम अपना स्वाभिमान और सम्मान बचा सकेंगे। विचार गोष्ठी में दिनेश गुर्जर, सौदान सिंह, मदनपाल गौतम ,डॉक्टर सीपी सिंह आदि ने भी अपने विचार रखें ।

# चिकित्सा शिविर का आयोजन किया



**एनपीटी ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** श्रीमती रेखा देवी मेमोरियल हॉस्पिटल डासना,गाज़ियाबाद द्वारा आवासीय वृदाश्रम दुहाई गाजियाबाद प्रांगण में भव्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में डॉक्टर एस.मलिक, डा. शिवानी सहयोगियों फार्मासिस्ट साक्षी यादव और मिंकू शर्मा की उपस्थिति एवं सहयोग उल्लेखनीय रहा।

शिविर में आये 60 से अधिक लोगो ने अपनी जांच कराई , शिविर में सामने स्वास्थ्य जांच के साथ ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर व फिजियोथेरेपी इत्यादि का लाभ मरीजों ने प्राप्त किय। चिकित्सको ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक परामर्श भी दिया अस्पताल व एस डी जी आई विश्वविद्यालय के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल के सौजन्य से आने वाले समय में भी जरुरतमंदो तक चिकित्सा का लाभ पहुंचने के लिए ऐसे शिविर नियमित रूप से लगाए जायेगे।

# अमरोहा में नाबालिग बता रुकवाई शादी

## रिश्वत मांगने में जिला प्रोबेशन अधिकारी समेत आठ के खिलाफ जांच के आदेश।




अमरोहा। पचास हजार रुपये की रिश्वत न देने पर शादी के दिन ही किसान की बालिग बहन को नाबालिग बताकर जिला प्रोबेशन अधिकारी और उनके कर्मचारियों ने शादी रुकवा दी। आरोप है कि युवती को बिना बाल कल्याण समिति में पेश किए वन स्टॉप सेंटर भेज दिया था। मामले में कोर्ट ने जिला प्रोबेशन अधिकारी और उनके सात कर्मचारियों के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही कोर्ट ने यह जांच डीएम को सौंपी है। कोर्ट ने डीएम को पांच मई तक रिपोर्ट देने को कहा है।

मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासी किसान ने बताया कि पांच मार्च 2025 उनकी बहन की शादी थी। घर पर बरात आ गई थी। इस दौरान शादी समारोह पर कर्मचारी सुरभि यादव, आदिल, गजेंद्र, शाहबाजपुर गुर्जर के रहने वाले कपिल, सिरसा गुर्जर के रहने वाले अशोक, मनोज, वीरू व एक अज्ञात व्यक्ति पहुंचे और किसान की 21 वर्षीय बहन को नाबालिग बताया। किसान ने आधार कार्ड के हिसाब से अपनी बहन को बालिग बताया तो सभी लोग धमकाने लगे। इसके बाद इन लोगों ने 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। किसान ने रुपये देने से इन्कार कर दिया तो सभी लोग उसकी बहन को शादी के मंडप से उठाकर ले गए थे। आरोप है कि उक्त लोगों ने बिना बाल कल्याण समिति में पेश किए है युवती को वन स्टॉप सेंटर में भेज दिया। हालांकि, बाद में युवती परिजनों के साथ चली गई व मंडप से लाने के दूसरे दिन बाल कल्याण समिति में पेश की गई थी।

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अतुलेश भारद्वाज ने बताया कि टीम जिस समय युवती को लेकर पहुंची थी तब तक कार्यालय बंद हो गया था। इसके बाद टीम ने अगले दिन युवती को समिति के सामने पेश किया। परिजनों द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के आधार पर युवती को उनके सुपुर्द कर दिया गया था। बिना दुल्हन ही बारात लौट गई थी ।

‘नेशनल प्रेस टाइम्स’
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

# महात्मा ज्योतिराव फूले जी की जयंती पुष्प अर्पित कर मनाया



**एनपीटी ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फूले जी की जयंती समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं ने समाजवादी पार्टी कार्यालय फ्छ्ठ- 4 पर पुष्प अर्पित कर मनाया, जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर महासचिव राजन कश्यप वरिष्ठ सपा नेता रमेश यादव एडवोकेट प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा राज देवी चौधरी महानगर अध्यक्ष महिला सभा किरण कालिया छात्र सभा जिला अध्यक्ष अंशु ठाकुर प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ताहिर हुसैन बाबासाहेब वाहिनी प्रदेश सचिव कृष्ण ढाकोलिया जिला सचिव कृष्ण यादव महानगर सचिव सोनू सैनी महानगर सचिव शैलेश चंद्र गौतम महानगर सचिव साजिद सैफी महानगर सचिव नवीन कुमार शर्मा रिजवान चौधरी रविंद्र कुमार महानगर सचिव सुनील जिंदल राहुल रावत कार्यालय प्रभारी

# आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहन नगर में मेरिट एंड परफॉरमेंस इंप्रूवमेंट अवार्ड का वितरण

**एनपीटी ब्यूरो**




**गाजियाबाद।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहन नगर गाजियाबाद द्वारा मेरिट एंड परफॉरमेंस इंप्रूवमेंट अवार्ड और अटेंडेंस फेलिसिटेशन सेरेमनी सत्र(2023 - 25) तथा सत्र (2024-26) के प्रतिभागियों हेतु आयोजन किया गया। समारोह का प्रारम्भ संस्थान के निर्देशक डॉ अजय कुमार, आईटीएस गाजियाबाद के निदेशक डॉ वी एन बाजपेई और पीजीडीएम की चेयर पर्सन डॉ अनुषा अग्रवाल द्वारा परंपरागत डीप प्रज्वलन के साथ संपन्न हुआ। संस्थान द्वारा प्रत्येक वर्ष अकादमिक उपलब्धि के लिए शीर्ष छात्रों को ₹मेरिट अवार्ड₹ से सम्मानित किया जाता है साथ ही जो छात्र विगत सत्र की अपेक्षा अगले सत्र में अच्छी उपलब्धि एवं स्थान प्राप्त करते हैं, उनमे से शीर्ष छात्रों को भी ₹परफॉरमेंस इम्प्रूवमेंट₹ अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। मेरिट अवार्ड से सम्मानित छात्रों में पीजीडीएम ट्राइमेस्टर फोर्थ एवं ट्राइमेस्टर सेकंड में शीर्ष स्थान पाने वाले क्रमशः 10 छात्र, परफॉर्मेंस इंप्रूवमेंट अवार्ड से सम्मानित छात्रों में ट्राइमेस्टर फोर्थ की अपेक्षा ट्राइमेस्टर फिफ्थ में बेहतर प्रदर्शन हेतु 10 छात्र एवं ट्राइमेस्टर फर्स्ट की अपेक्षा ट्राइमेस्टर से सेकंड मे बेहतर प्रदर्शन हेतु 10 छात्र शामिल थे। डॉ अजय कुमार ने शत प्रतिशत अटेंडेंस प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया तथा उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। छात्रों की क्लास में बेहतर उपस्थिति और उनकी सफलता हेतु अपनी प्रसन्नता जाहिर की और इसे शिक्षण संस्थान की अच्छी उपलब्धि बताई। अवार्ड सेरेमनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों को बेहतर अकादमिक प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित करना एवं संस्थान में अनुकूल शैक्षणिक वातावरण विकसित करना रहा। इस अवसर पर आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता जाहिर की तथा सभी छात्रों को अपनी शुभकामनाए दी। आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभी छात्रों को और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

निर्देशक डॉ अजय कुमार ने छात्रों का मार्ग दर्शन किया और भविष्य में और अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। चेयरपर्सन डॉ अनुषा अग्रवाल ने छात्रों को बधाई दी और अच्छे भविष्य की कामना की। इस दौरान स्टेज पर छात्रों के अभिभावक भी आमंत्रित किये गए और उन्होंने भी अपनी प्रसन्नता जाहिर की। इस प्रकार के आयोजन से पीजीडीएम के सभी छात्र काफी प्रसन्न और उत्साहित रहे।

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।